हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 24 सितंबर 2025



## छत्तीसगढ़ का सबसे विशाल दुर्गा पंडाल

### 2 लाख वर्ग फीट में फैला

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ का सबसे विशाल दुर्गा पंडाल गोंड़पारा में बनाया गया है। यह पंडाल 2 लाख वर्ग फीट में फैला है और अरपा नदी के तट पर बनाया गया है। यहां 25 फीट ऊंची देवी दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है। यह आयोजन गोंडपारा सुभाष नगर के आदर्श दुर्गोत्सव समिति द्वारा आयोजित किया जा रहा है। समिति इस वर्ष अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूरे कर रही है। इस स्वर्णिम वर्ष को यादगार बनाने के लिए, समिति ने अरपा नदी के किनारे राजस्थानी संस्कृति से प्रेरित एक भव्य पंडाल का निर्माण किया है। इसके लिए अरपा तट को सजाया गया है और मेले का भी आयोजन किया गया है। यहां 10 दिनों तक मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन के साथ-साथ प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा देवी गीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। समिति ने इस आयोजन को विशेष बनाने के लिए राजस्थानी कलाकृतियों और महल जैसा पंडाल बनवाया है। पंडाल के अंदर छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक के साथ झांकी और मंदिर जैसी सजावट की गई है, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। आयोजन समिति ने ड्रेस कोड भी निर्धारित किया है। इसमें मातृ शक्ति पीली या लाल साड़ी में, बेटियां, बहनें लाल या पीले सलवार-सूट में और पुरुष वर्ग सफेद, पीले या लाल कुर्ता-पायजामा में उपस्थित होंगे।

फोटो : सूरज वैष्णव

## खबर संक्षेप

### आपदा व गैस रिसाव से बचाव, मॉकड्रिल कल

**बिलासपुर।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में अरपा नदी छठघाट तोरवा में बाढ़ आपदा प्रशिक्षण एवं एनटीपीसी सीपत में क्लोरीन गैस लीकेज के संबंध में मॉक ड्रिल आयोजित किया जाएगा। उक्त दोनों प्रशिक्षण 25 सितम्बर को सुबह 10 बजे से निर्धारित स्थान पर होंगे। कोई भी व्यक्ति इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रक्रिया का अवलोकन एवं जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### अनुकंपा नियुक्ति के पूर्व मंगाई दावा-आपत्ति

**बिलासपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए प्राप्त आवेदनों के छानबीन के क्रम में सात दिवस के भीतर आमजनता से दावा आपत्ति मंगाई है। फिलहाल 3 आवेदकों ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। डीईओ ने बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चांटीडीह में शिक्षक पद पर कार्यरत स्व. राधिका पाण्डेय के पुत्र नीरज कुमार पाण्डेय, शासकीय प्राथमिक शाला दुर्गडीह में सहायक शिक्षक एल.बी. के पद पर कार्यरत स्व. मुन्ना लाल कौशिक के पुत्र संजीव कुमार एवं कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तखतपुर में कार्यरत सहायक ग्रेड 3 स्व. ओमप्रकाश साहू के पुत्र यश साहू ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है।

### उत्कल चलेगी डायवर्ट मार्ग से 1 अक्टूबर से

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर मंडल के राउरकेला-कांसबहाल स्टेशन के बीच ट्रैक रिलेइंग ट्रेन टीआरटी मशीन से पटरियों को बदलने का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य विभिन्न तिथियों 1 अक्टूबर से 15 दिसम्बर तक होगा। ट्रेन परिवर्तित मार्ग ईब, झारसुगुड़ा रोड, संबलपुर सिटी कटक होकर चलाई जाएगी।

### एडीईओ भर्ती परीक्षा की मेरिट लिस्ट जारी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) ने सहायक विकास विस्तार अधिकारी की भर्ती परीक्षा की प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है। परीक्षा 15 जून 2025 को आयोजित की गई थी। वित्त विभाग की सहमति के बाद कुल 200 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसके लिए कई चरणों में पत्राचार के बाद व्यापम को परीक्षा आयोजित करने का प्रस्ताव भेजा गया था। व्यापम ने 14 अगस्त 2025 को परीक्षा का अंतिम उत्तर और परिणाम जारी कर दिया था।

## प्रदेश में दस हजार नाबालिग ले रहे पीएम सम्मान निधि, सबका भुगतान रूका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- गांव-गांव जाकर किया जाएगा भौतिक सत्यापन, तब तक भुगतान नहीं
- योजना के लिए केवल वयस्क किसान हितग्राही ही पात्र

प्रदेश में 10 हजार 143 नाबालिग बच्चों द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत भुगतान प्राप्त करने का खुलासा हुआ है। नियमानुसार योजना में लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों की न्यूनतम आयु 18 साल से अधिक होनी चाहिए, इससे कम आयु के लोग अपात्र होंगे। नाबालिगों द्वारा लाभ लेने के संदेह पर सरकार द्वारा सबका भुगतान रोक दिया गया है। हितग्राहियों की सत्यता जांचने गांव-गांव जाकर भौतिक सत्यापन कराया जाएगा व सबके आवेदन निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में बतौर हितग्राही लाभान्वित होने के लिए सरकार ने भले ही न्यूनतम 18 वर्ष की आयु निर्धारित की हो, लेकिन प्रदेश के 10 हजार 143 नाबालिगों ने इस योजना में बतौर हितग्राही लाभ लेकर सरकार को ही अचरज में डाल दिया है। शासन द्वारा योजना के लिए वयस्क। किसानों को ही पात्र माना गया है, लेकिन इतनी बड़ी संख्या में नाबालिगों के बतौर हितग्राही पंजीकृत होने के मामले को अब जांच में लिया गया है। फिलहाल इस श्रेणी के सभी आवेदकों के भुगतान तत्काल प्रभाव से रोक दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2019 से किसानों को दो-दो हजार रूपए की तीन किश्तों के साथ सालाना कुल छह हजार रूपए का भुगतान किया जा रहा है। इस योजना में लाभांवित होने के लिए सरकार द्वारा पात्रता के नियम बनाए गए हैं, लेकिन व्यक्तिगत आर्थिक लाभ पाने के चक्कर में लोग अनुचित तरीके से योजना में पंजीकृत होकर लाभ ले रहे हैं, जिसकी जानकारी होते ही सरकार द्वारा समय-समय पर कार्रवाई की जा रही है।



अलग खबर

### सर्वाधिक 1663 मामले सक्ती में

नाबालिगों द्वारा पीएम सम्मान निधि की राशि लेने के मामले में सक्ती जिला प्रदेश में सबसे पहले नंबर पर है। यहां 1663 नाबालिगों द्वारा सम्मान निधि योजना की राशि प्राप्त की जा रही है। इसी तरह बीजापुर व नारायणपुर इस मामले में सबसे पीछे हैं। इन दोनों जिलों में केवल दो-दो की संख्या में नाबालिगों द्वारा भुगतान प्राप्त किया जा रहा है।

### वयस्क को संरक्षक बनाना पड़ेगा

भूमि की रजिस्ट्री अकेले किसी नाबालिग बच्चे के नाम पर नहीं हो सकती। किसी वयस्क को संरक्षक बनाना पड़ेगा। बच्चे के अठारह साल की उम्र पूरी होते ही भूमि उसके नाम पर रजिस्टर्ड हो जाएगी।

- **आरके स्वर्णकार,** जिला पंजीयक, रजिस्ट्री विभाग

### बस भूमि के विक्रय का अधिकार नहीं

फौती-नामांतरण वाले प्रकरणों में नाबालिग का नाम राजस्व रिकार्ड में जोड़ा जा सकता है। नाबालिग को भी वह सारे अधिकार होते हैं, जो वयस्क के होते हैं। बस भूमि के विक्रय का अधिकार नहीं होता।

- **मनीष साहू,** एसडीएम बिलासपुर

### सभी योजनाओं के अपात्रों का भुगतान रोक दिया गया

बिलासपुर जिले में 297 नाबालिगों द्वारा पीएम सम्मान निधि की राशि लेने की जानकारी मिली है। ये सभी योजना के लिए अपात्र हैं। सबका भुगतान रोक दिया गया है। गांव-गांव जाकर भौतिक सत्यापन करते हुए सबके आवेदन निरस्त किए जाएंगे।

- **पीडी हथेश्वर,** डीडीए बिलासपुर

### खर्च पर खर्च करते जा रही यूनिवर्सिटी , सफेद हाथी साबित हो रही सीयू में एक्सीलरेटर महामशीन

## 45 करोड़ की मशीन आठ साल से बेकार पड़ी सेंट्रल यूनिवर्सिटी में ठप हैं रिसर्च गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में 45 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित एक्सीलरेटर मशीन सफेद हाथी साबित हो रही है। इस एक्सीलरेटर मशीन से पिछले आठ सालों से रिसर्च गतिविधियां ठप पड़ी हुई हैं और यूनिवर्सिटी इसके मेंटनेंस में खर्च पर खर्च करती जा रही है। इस मशीन में फिर लाखों रुपए खर्च कर स्कैटरिंग चेम्बर स्टाल किया गया है।

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में थ्री-एमवी पेलेट्रान एक्सीलरेटर, महामशीन से रिसर्च की सुविधा 8 साल बाद भी शुरू नहीं हो सकी है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनने के बाद लगभग 45 करोड़ रुपए की लागत से इस एक्सीलरेटर मशीन को रिसर्च गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए स्थापित किया गया था। सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनने के बाद वर्ष 2014 में एक्सीलरेटर महामशीन यहां स्थापित की गई। यूनिवर्सिटी के प्योर एप्लाएड फिजिक्स डिपार्टमेंट अंतर्गत राष्ट्रीय त्वरक आधारित शोध केन्द्र में यह मशीन स्थापित की गई है, जिसके लिए एयर कंडीशन हाल का निर्माण कराया गया है। यह महामशीन यूएसए की कंपनी से मंगाई गई थी। एक्सीलरेटर प्रोजेक्ट के लिए सेंट्रल यूनिवर्सिटी को बारहवें योजना आयोग में यूजीसी से विशेष अनुदान व परमाणु ऊर्जा विभाग से 5 करोड़ रुपए मिले थे। त्वरक केन्द्र द्वारा तकनीकी सहायता प्राप्त करने एवं शोधार्थियों के आदान-प्रदान के विषय में अंतर्विश्वविद्यालयीन त्वरक केन्द्र से एमओयू भी हुआ था।

एक्सीलरेटर मशीन से लेकर उसके लिए भवन निर्माण आदि पूरे प्रोजेक्ट में लगभग 45 करोड़ रुपए की लागत आई थी और उसके बाद कई करोड़ रुपए इसके मेंटनेंस में और खर्च किया जा चुका है। लेकिन करीब पिछले 8 सालों से यह मशीन बंद पड़ी है और इसमें कोई रिसर्च गतिविधियां भी नहीं हो रही हैं। अब सेंट्रल यूनिवर्सिटी और अंतरविश्वविद्यालय त्वरक केन्द्र नई दिल्ली के बीच एमओयू तहत स्कैटरिंग चेम्बर स्टाल किया गया है जो एक एडवांस सिस्टम बताया जा रहा है, जिससे एक साथ 24 अलग-अलग सेंपल का रिसर्च किया जा सकता है और उसे देखा भी जा सकता है।



हरिभूमि एक्सक्लूसिव

### चुनिंदा यूनिवर्सिटी में ही है एक्सीलरेटर रिसर्च सुविधा

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रदेश की इकलौती यूनिवर्सिटी है जहां पर रिसर्च के दृष्टि से थ्री-एमवी पेलेट्रान एक्सीलरेटर मशीन स्थापित है। इस मशीन की सुविधा देश के प्रयागराज, चंडीगढ़, कुरूक्षेत्र, मुंबई, बेंगलूर जैसी कुछ ही यूनिवर्सिटी में है। यहां यह महामशीन स्थापित होने के बाद एक्सीलरेटर रिसर्च सुविधा वाली यूनिवर्सिटी में गुरू घासीदास यूनिवर्सिटी का भी नाम शामिल हो गया है, किन्तु इससे रिसर्च गतिविधियां नहीं हो पा रही हैं।

### प्रपोजल के बाद शुरू होगा रिसर्च

यूनिवर्सिटी के शुद्ध एवं अनुप्रयुक्त भौतिकी विभाग में एक्सीलरेटर त्वरक केन्द्र में स्कैटरिंग चेम्बर की स्थापना की गई है। यह एक तरह का एडवांस सिस्टम है, जिसमें एक साथ 24 अलग-अलग सेंपलों का रिसर्च कर सकते और देख सकते हैं। रिसर्चर से प्रपोजल आएगा उसके बाद रिसर्च शुरू होगा वैसे इंटर्नल रिसर्च चलता रहता है।

- **प्रो. केएन सिंह**
प्रभारी, एक्सीलरेटर त्वरक केन्द्र सीयू

### चेम्बर स्थापना के साथ टेस्टिंग पूरी

एक्सीलरेटर सेंटर में स्कैटरिंग चेम्बर की स्थापना की गई है और इसकी टेस्टिंग भी हो गई है। एक्सीलरेटर मशीन अब पूरी तरह से तैयार है। अंतरविश्वविद्यालय त्वरक केन्द्र नई दिल्ली ही रिसर्च के लिए जो प्रपोजल आएगा उसका एलोकेशन जारी करेगा।

- **प्रो. मनीष श्रीवास्तव**
मीडिया प्रभारी, सेंट्रल यूनिवर्सिटी

### 2017 के बाद से बंद है मशीन

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के प्योर एप्लाएड फिजिक्स डिपार्टमेंट में राष्ट्रीय त्वरक आधारित शोध केन्द्र में एक्सीलरेटर मशीन स्थापित होने के बाद वर्ष 2014 से लेकर वर्ष 2017 तक एक्सीलरेटर रिसर्च गतिविधियां चलती रहीं और इस दौरान कुछ-कुछ रिसर्च शुरू भी हुए। उसके बाद एटामिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्ड ने एक्सीलरेटर रिसर्च पर रोक लगा दी थी। फंड की कमी के कारण इसके लिए जो मापदण्ड, शर्तें थी उसे पूरा करने में काफी अड़चन आई। यूनिवर्सिटी द्वारा बीच-बीच में एक्सीलरेटर मशीन के कलपुर्जों की मरम्मत कराई गई।

### परमाणु ऊर्जा नियामक आयोग से अनुमति के बाद भी रिसर्च शुरू नहीं

यूनिवर्सिटी में रिसर्च की सुविधा के लिए 10 वर्ष पहले लगभग 45 करोड़ रुपए की लागत शुद्ध एवं अनुप्रयुक्त भौतिकी विभाग में थ्री एमवी पैलेटरॉन एक्सीलरेटर मशीन स्थापित की गई थी। परमाणु ऊर्जा नियामक परिषद से परमिशन के अभाव में पिछले कई सालों से यह मशीन चालू नहीं हो पाई। पिछले साल ही परमाणु ऊर्जा नियामक आयोग ने एक्सीलरेटर मशीन से शोध व संचालन के लिए तीन वर्ष की अनुमति प्रदान की थी उसके बाद भी इस महामशीन से रिसर्च शुरू नहीं हो पाया है। वर्ष 2017 से यह एक्सीलरेटर मशीन रिसर्च के लिए बंद थी और इसमें कोई रिसर्च गतिविधियां भी नहीं हो रही थी। एक्सीलरेटर के शोध व संचालन लाइसेंस के लिए जो मापदण्ड होने चाहिए थे, उसे यूनिवर्सिटी पूरा नहीं कर पा रही थी। इसलिए परमाणु ऊर्जा नियामक आयोग से लाइसेंस नहीं मिल पाया था।

### भोडवाल माजरी स्टेशन में रूकेगी जम्मूतवी

**बिलासपुर।** भोडवाल माजरी स्टेशन में जम्मूतवी और हीराकुंड एक्सप्रेस ट्रेन का स्टापेज देने का निर्णय लिया गया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार 78वां अंतरराष्ट्रीय निरंकारी संत समागम हरियाणा में निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर होगी। रेल प्रशासन ने अमृतसर-विशाखापट्टनम और विशाखापट्टनम से अमृतसर के बीच चलने वाली हीराकुंड एक्सप्रेस और दुर्ग-जम्मूतवी और जम्मूतवी से दुर्ग के बीच चलने वाली एक्सप्रेस का स्टापेज भोडवाला माजरी रेलवे स्टेशन पर 6 अक्टूबर से 7 नवम्बर तक देने नोटिफिकेशन जारी किया है।

### पीएचई में 37 पदों पर भर्ती परीक्षा अक्टूबर में

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायपुर के तहत अनुरेखक (ट्रेसर) के 37 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। उम्मीदवार 1 अक्टूबर 2025 शाम 5:00 बजे तक फॉर्म भर सकते हैं। वहीं आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की सुविधा 2 से 4 अक्टूबर 2025 तक उपलब्ध होगी।

## छेड़खानी के मामले में लेनदेन का आरोप, तखतपुर टीआई लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- टीआई विवेक पाण्डेय को नए प्रभारी बनाया गया

एसएसपी ने छेड़खानी के मामले में लेनदेन की शिकायत पर तखतपुर टीआई अनिल अग्रवाल को लाइन अटैच कर दिया है। वहीं एसपी आफिस में पदस्थ टीआई विवेक पाण्डेय को तखतपुर थाने का नया प्रभारी बनाया गया है। मंगलवार को श्री पाण्डेय ने तखतपुर थाने का चार्ज ले लिया है।

तखतपुर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने छेड़खानी और लूटपाट करने की शिकायत तखतपुर थाने में की थी। पीड़िता के पति ने आरोप लगाया कि वह शिकायत लेकर थाने गए तो टीआई अनिल अग्रवाल ने एफआईआर करने से इनकार कर दिया। पीड़िता ने एक दलाल के माध्यम से संपर्क किया तो एफआईआर करने के एवज में 25 हजार रुपए की मांग की गई। पैसा लेने के बाद एफआईआर दर्ज की गई, किन्तु लूट की धारा नहीं लगाई गई थी। आरोपी को पकड़ने के बाद मुचलका जमानत में छोड़ दिया गया था।

पीड़िता ने परिजन के साथ एसएसपी रजनेश सिंह से मुलाकात कर लिखित शिकायत की थी। मंगलवार को एसएसपी श्री सिंह ने तखतपुर टीआई अग्रवाल को लाइन अटैच कर दिया है।

### कोर्ट परिसर में प्रधान आरक्षक व आरक्षक भिड़े

एसएसपी ने कोर्ट परिसर में विवाद करने वाले प्रधान आरक्षक को सस्पेंड कर दिया है। पिछले दिनों पेशी के दौरान कोर्ट परिसर में पुलिस लाइन में पदस्थ प्रधान आरक्षक अरूण कमलवंशी व सकरी बटालियन के आरक्षक संजय जोशी के बीच किसी बात को लेकर जमकर विवाद हो गया था। कोर्ट रूम से दोनों को बाहर निकालना पड़ गया था। मंगलवार को एसएसपी रजनेश सिंह ने विवाद करने वाले प्रधान आरक्षक अरूण कमलवंशी को सस्पेंड कर दिया है।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
वेजर लाइपोसक्शन द्वारा
मोटापे का ईलाज



पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
Care with Confidence
एंडोसोनोग्राफी/ एंडोअल्ट्रासाउंड (EUS)
गेस्ट्रोएन्टेरोलॉजी एवं हिपेटोलॉजी विभाग
- पेनक्रियास एवं पित्त नलिका की बीमारियों का सूक्ष्म एवं सटीक परीक्षण एवं उपचार
- पेट के कैंसर की विश्वसनीय एवं सटीक स्टेजिंग (Staging)
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371


प्रजाराज्यम
Presents
Co-Powered By
RAHUL CHOUDHARY
Sponsored By
Tejas
ADWAIT
श्री Ram
CITYWALK
SHREE-G
RP TELECOM
Hero
Pankhida Bilaspur
Music Entertainment Food & many more
SEASONT 3.0
AVNEET KAUR
MASOOM SHARMA
CENTRAL INDIA'S
BIGGEST GARBA EVENT
DEEPIKA SAO
BOLLYWOOD PLAYBACK SINGER
PIYUSH MEHROLIYA
BOLLYWOOD PLAYBACK SINGER
ANCHOR
LAXMI
ANCHOR
SHIVAM
23RD & 24TH
SEPTEMBER 2025
Venue:
CENTRAL POINT
INTERNATIONAL
Opp, New High Court, Bilaspur
Our Partners
BILASPUR
CPI
YASH SUPER BAZAAR
SHRI SHYAM KRIPA
BEING STRONG
Saraiya
SHIVAM
NAAZ
Heavens Park
HARI CHUTNEY
BALAJI ADVERTISER
South Food Court
U Turn
feat-x
KAKORI ADVERTISERS
7000070441
BHUMI DEVELOPERS
Neera Makeup Studio
TICKET PRO
PRITHVI INN
Gifts Gallery
RADIO ORANGE
A-ONE
BEING ASSETS
Vijay
BCC न्यूज़
CHHATTISGARH
Bilasa
MATS UNIVERSITY

## खबर संक्षेप

### पोस्टिंग के लिए अब काउंसिलिंग आज से

**बिलासपुर।** लैब टेक्नीशियन भर्ती के लिए पिछले दिनों चयन सूची जारी की गई थी। पोस्टिंग के लिए 22 सितंबर से काउंसिलिंग होने वाली थी। लेकिन अपरिहार्य कारणों से यह शुरू नहीं हुई। अब 24 से 26 सितंबर तक उच्च शिक्षा संचालनालय नवा रायपुर में काउंसिलिंग होगी। इसे लेकर सूचना जारी की गई है। ज्ञात हो कि प्रयोगशाला तकनीशियन के 260 पदों पर भर्ती के लिए दो साल पहले वैकेंसी निकली थी। व्यापमं से पिछले साल परीक्षा हुई और इस साल रिजल्ट जारी किए गए। इसके बाद उच्च शिक्षा संचालनालय से दस्तावेज सत्यापन हुआ। हाल ही में चयन सूची जारी की गई। इसके अनुसार प्रयोगशाला तकनीशियन के लिए 251 अभ्यिर्थयों को चयनित किया गया है। पिछले दिनों पदस्थापना की काउंसिलिंग के लिए शेड्यूल जारी किया गया था, 22 से 25 तक काउंसिलिंग होनी थी। इसके अनुसार सोमवर को कई चयनित उम्मीदवार नवा रायपुर उच्च शिक्षा संचालनालय गए। बाद में उन्हें पता चला कि आज काउंसिलिंग नहीं होगी। पदस्थापना के संबंध में विस्तृत जानकारी उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ की अधिकृत वेबसाइट पर जारी की गई है।

### फार्मेसी की काउंसिलिंग अक्टूबर से शुरू होगी

**बिलासपुर।** फार्मेसी में एडमिशन के लिए छात्रों का इंतजार जल्द खत्म होगा। अक्टूबर के पहले सप्ताह से इसकी काउंसिलिंग शुरू होने की संभावना है। इस बार कितने कॉलेजों को संबद्धता दी गई है, इसकी लिस्ट छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी (सीएसवीटीयू) से 30 सितंबर तक जारी होगी। इसे लेकर तैयारी की जा रही है। ज्ञात हो कि इधर, व्यापमं की ओर से मई में प्री फार्मेसी टेस्ट 2025 का आयोजन किया गया था। इसमें 16422 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। नतीजे जून में जारी हुए थे। इस तरह से करीब तीन महीने से छात्र काउंसिलिंग शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। जानकारों का कहना है कि फार्मेसी कॉलेजों को प्रवेश देने के लिए हर साल फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) से अनुमति लेनी पड़ती है। इसके आधार पर फिर सीएसवीटीयू से संबद्धता मिलती है और एडमिशन दिए जाते हैं। राज्य में फार्मेसी के करीब सौ कॉलेज हैं। अधिकांश को पीसीआई से अनुमति मिल चुकी है। संबद्धता के लिए कॉलेजों ने सीएसवीटीयू को आवेदन दिया है। इसे लेकर अधिकारियों का कहना है रिपोर्ट की समीक्षा की जा रही है, जल्द ही संबद्धता लिस्ट जारी होगी। इसके बाद फिर तकनीकी शिक्षा संचालनालय से काउंसिलिंग के लिए शेड्यूल जारी होगा।

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में 37 पदों पर भर्ती

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायपुर के तहत अनुरेखक (ट्रेसर) के 37 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। उम्मीदवार 1 अक्टूबर 2025 शाम 5:00 बजे तक फॉर्म भर सकते हैं। वहीं आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की सुविधा 2 से 4 अक्टूबर 2025 तक उपलब्ध होगी। परीक्षा की तिथि 26 अक्टूबर है। परीक्षा समय 11:00 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक रहेगा। प्रवेश पत्र 17 अक्टूबर को जारी किया जाएगा।

**जब्त कारें अभी नहीं छूटेंगी** | मस्तूरी रोड पर देर रात कारों में स्टंटबाजी और रील बनाने वालों के खिलाफ सख्ती

# 17 कारें जब्त, सभी गाड़ी मालिकों के खिलाफ एफआईआर, लाइसेंस भी होगा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी रोड पर देर रात 17 कारों में स्टंटबाजी और रील बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के मामले को हाईकोर्ट ने संज्ञान में लिया है।

■ छग सरकार के मुख्य सचिव ने हलफनामा दायर किया

कोर्ट की नोटिस के बाद मुख्य सचिव ने शपथ पत्र पेश किया। इसमें बताया गया कि 17 कारों को जब्त किया गया है। इसके साथ ही सभी आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। ध्यान रहे कि कोर्ट ने इससे पहले कहा था कि मस्तूरी पुलिस द्वारा जब्त की गई 17 कारों को हाईकोर्ट की अनुमति के बिना नहीं छोड़ा जाएगा। कोर्ट ने छग सरकार के मुख्य सचिव को हलफनामा दायर करने कहा था। इसके साथ ही कोर्ट ने रायपुर के खरोरा में सड़क पर पटाखा जलाकर जन्मदिन मनाने और रतनुपर बाइपास में तलवार लहराकर जन्मदिन मनाने के मामले में शासन से जवाब मांगा गया है। गौरतलब है कि तीन दिन पहले बिलासपुर मस्तूरी रोड पर देर रात 15-20 कारों में स्टंटबाजी और रील बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई थी। वीडियो में युवाओं को तेज रफ्तार से गाड़ियां दौड़ाते, डोनट स्टंट करते और सड़क पर खतरा पैदा करते देखा गया। हाईकोर्ट ने भी मामले में संज्ञान लिया है और शासन से जवाब मांगा था।

मुख्य सचिव द्वारा पेश हलफनामा में बताया गया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अभियान चलाया और स्टंट में शामिल 17 गाड़ियों को जब्त कर लिया है। सभी के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही कार मालिकों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश भी की गई है। यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से की गई है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।


हाईकोर्ट की गंभीर टिप्पणी- पुलिस का प्रकोप केवल गरीब, मध्यम वर्ग पर, अपराधी या धनवान तो नख-दंतहीन बाघ बन जाते हैं
कोर्ट की नाराजगी के बाद 17 युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज
पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई केवल दिखावा
लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### 17 युवकों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज

मुख्य सचिव द्वारा पेश शपथ पत्र में बताया गया कि 17 युवकों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज किया गया है। इसमें मस्तूरी निवासी रविन्द्र सोनी पिता राजेन्द्र प्रसाद सोनी 34 साल की रिपोर्ट पर कार क्रमांक सीजी 04 एनएस, 3500, सीजी 10 एबी, 4608, सीजी 07 बीक्यू, 3099, सीजी 10 एबी, 4945, सीजी 04 क्यूआर, 4169, सीजी 10, सीजी 10 एजी, 4300, सजी 10 बीआर, 9554, डीएल 8 सीएएन, 7216, सीजी 10 बीजी, 5642, सीजी 10 बीएन, 4631, सीजी 22 एडी, 8888, सीजी 10 एक्यू, 2888, सीजी 10 एआर, 3375, सीजी 04 बीक्यू, 2141, सीजी 04 एएच, 9218, सीजी 15 डीवाय, 5376 के चालक निहाल, आकास श्रीवास्तव, पवन यादव, आर्दश भेड़िया, प्रियांशु बकसेल, लक्ष्य कुबरा गड़े, लक्षम दास, साहिल बेरिया, कृष तिवारी, शुभम दुबे, अमिन श्रीवास्तव, मोनू गुप्ता, विवेक शर्मा, रिंकू श्रीवास्तव, सत्यजीत केशरवानी, चीकू सोनी, सुशांत सोनी के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 285, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर 9 गाड़ी जब्त कर लिया है।

### तलवार से केक काटकर जन्मदिन मनाया

रतनुपर बाइपास में तलवार लहराकर जन्मदिन मनाने के मामले में शासन से जवाब मांगा गया था। शासन की ओर से कहा गया कि मामले में पुलिस ने सख्ती दिखाई है और 15 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें 9 नाबालिग शामिल हैं। इन युवकों ने बिलासपुर-कोरबा नेशनल हाईवे पर रानीगांव के पास सर्विस रोड पर अपनी एक्टिवा को बीच सड़क खड़ी कर दिया। जिसके बाद अपने दोस्त का बर्थ डे सेलिब्रेट करने एक्टिवा की सीट पर केक रखा इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। वहीं, युवक तलवार से केक काटने लगा। इस दौरान युवक सड़क पर हंगामा मचाने लगे। एक युवक ने तलवार से केक काटा। गिरफ्तार आरोपियों में खैरखूंडी निवासी रुपेश कैवर्त्य, कमलेश कुमार सरवन, रितेश नायक, कर्ण सिंह, रणजीत केंवट, अभ्युदय भारद्वाज शामिल हैं।

**नगर निगम व सिंचाई विभाग के इंजीनियरों की टीम ने संयुक्त सर्वे अभियान चलाया**

# कोनी में शिफ्ट होंगे बराज से प्रभावित 46 परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अरपा बैराज के डुबान एरिया में आने वाले 46 परिवार अटल आवास कोनी में शिफ्ट किए जाएंगे। बीते दिनों नगर निगम व सिंचाई विभाग के इंजीनियरों की टीम ने एक संयुक्त सर्वे अभियान चलाया था, जिसमें 46 परिवारों के प्रभावित होने की जानकारी सामने आई है। प्रभावितों में ज्यादातर परिवार अतिक्रमित भूमि पर अपना अस्थायी निवास बनाकर रह रहे थे। विभाग के अनुसार शिफ्टिंग की प्रक्रिया एक से दो महीने तक पूरी हो जाएगी।

खारंग जल संसाधन संभाग द्वारा अरपा नदी पर बनाए जा रहे शिवघाट बराज की करीब डेढ़ महीने पहले सफल टेस्टिंग की गई थी। इस दौरान कुछ ही घंटों में अरपा लबालब हो गई थी। टेस्टिंग के दौरान अरपा में पानी का लबालब होना तो बराज के निर्माण की सफलता हो गई, लेकिन बराज के आसपास निवास कर रहे लोगों के घरों में बराज का पानी प्रवेश कर जाना बराज के लिए चांद में दाग जैसी स्थिति निर्मित कर गया। लिहाजा डुबान प्रभावितों को तात्कालिक राहत देने के उद्देश्य से सिंचाई विभाग द्वारा सुबह बंद किया गया बराज का गेट शाम को खोलना पड़ा था। इस संबंध में खारंग डिवीजन द्वारा अपने स्तर पर सर्वे करवाया गया था, जिसमें डुबान प्रभावित 23 परिवारों द्वारा नगर निगम की जमीन पर अतिक्रमण कर अस्थायी निवास बनाकर रहने की बात सामने आई थी। इसे ध्यान में रखते हुए सिंचाई विभाग द्वारा नगर निगम को अतिक्रमण हटाए जाने के संबंध में पत्र लिखा गया। इसकं अंतर्गत नगर निगम व सिंचाई विभाग के इंजीनियरों की एक संयुक्त सर्वे टीम बनाकर व्यापक सर्वे कराया गया, जिसमें अब 46 परिवारों के बेजा-कब्जा कर घर बनाकर रहने की जानकारी सामने आई है।


इन मकानों में रह रहे परिवारों को अटल आवास में शिफ्ट किया जाएगा।

### अक्टूबर तक रहता है अरपा में प्रवाह

बराज प्रभावितों की शिफ्टिंग में देर होने पर बराज में इस साल पानी रोके जाने की सफलता पर सिंचाई विभाग का कहना है कि अरपा नदी में अक्टूबर महीने तक पानी का प्रवाह रहता है। अगर एक से डेढ़ महीने में भी अतिक्रमित परिवारों की शिफ्टिंग कर दी गई तो अक्टूबर के आखिर में भी बराज के गेट बंद कर पानी रोका जा सकता है।

### शिफ्ट करने की योजना बनाई गई है

सिंचाई विभाग व नगर निगम द्वारा विस्तृत सर्वे कराया गया था। सर्वे में करीब 46 परिवारों के बराज प्रभावित होने की जानकारी सामने आई है। इन सभी परिवारों को नगर निगम द्वारा कोनी के अटल आवास में शिफ्ट करने की योजना बनाई गई है। एक से डेढ़ महीने तक शिफ्टिंग कर ली जाएगी।

**-मधु चंद्रा**, ईई खारंग जलसंसाधन संभाग

# निर्माणाधीन न्यू रिवर व्यू और हैप्पी स्ट्रीट में होगी पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर में ऐतिहासिक दुर्गोत्सव की धूम शुरू हो चुकी है, इस साल यह और भी भव्य होने जा रहा है,ऐसे में पार्किंग समस्या ना बने और उत्सव में खलल ना पड़े। इसलिए नगर निगम ने पैड पार्किंग की व्यवस्था की है।

■ टू व्हीलर का 5 रुपए और फोर व्हीलर का 10 रुपए रखा गया है शुल्क

नगर निगम ने भीड़ नियंत्रण के लिए इंदिरा सेतु से रामसेतु (पुराना पुल) के बीच निर्माणाधीन न्यू रिवर व्यू और शनिचरी के पास हैप्पी स्ट्रीट सड़क पर पैड पार्किंग की व्यवस्था की है। पार्किंग दोपहर 3 बजे से रात 3 बजे तक रहेगी। दोपहिया वाहनों के लिए 5 रुपए और चार पहिया वाहनों के लिए 10 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। विदित है कि बिलासपुर में लगभग 100 से अधिक स्थानों में दुर्गोत्सव मनाया जा रहा है,जिसमें भारी संख्या में दर्शनार्थियों की पहुंचने की उम्मीद है। न्यू रिवर व्यू साइड सरकंडा और हैप्पी स्ट्रीट की पार्किंग में दो शिफ्ट में 6-6 कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। पार्किंग व्यवस्था आज से शुरू हो रही है। रात में सुरक्षा के लिए फ्लड लाइट की व्यवस्था की गई है। निगम अन्य स्थानों पर भी भीड़ नियंत्रण की योजना बना रहा है।



# स्कूल से लौटने के बाद नवमीं की छात्रा ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** स्कूल से लौटने के बाद कक्षा नवमीं की छात्रा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस जांच में जुट गई है।

रतनपुर थाने से मिली जानकारी के अनुसार नेवसा निवासी कृषक भुनेश्वर प्रसाद रजक की बेटी पूनम रजक 15 साल सीता देवी स्कूल में कक्षा नवमीं की छात्रा थी। रोज की तरह 22 सितंबर को दोपहर 1.30 बजे स्कूल की छुट्टी होने पर घर आई। खाना खाने के बाद दोपहर 2.30 बजे पूनम अपने पिता भुनेश्वर को खाने के लिए फल देकर अपने कमरे में चली गई और दुप्पटे से पंखे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद छोटी बहन ने कमरे में जाकर देखा तो पूनम फांसी पर लटकी हुई थी। छोटी बहन ने इसकी जानकारी पिता को दी। पिता ने फंदा काटकर उसे नीचे उतारकर देखा तो सांस चलना बंद हो गया था। सूचना पर पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया था। मृतका तीन बहनों पर सबसे बड़ी थी। मंगलवार की सुबह रतनपुर अस्पताल में छात्रा के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।


मृतका।

### स्कूल में मारपीट करने की चर्चा

सोशल मीडिया में मृतक छात्रा के साथ स्कूल में मारपीट करने से क्षुब्ध होकर आत्महत्या करने चर्चा जोरों पर है। यह भी कहा जा रहा था मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। हालाकि पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के कारणों की जानकारी परिजन के द्वारा नहीं दी गई है। किन्तु सवाल यह उठता है कि आखिर छात्रा के साथ ऐसा क्या हुआ था कि स्कूल से लौटने के बाद छात्रा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो गई। बहरहाल पुलिस के जांच के बाद ही सही कारणों का पता चल पाएगा।

# पशु मालिकों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसएसपी रजनेश सिंह ने अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में आवारा पशुओं के प्रबंधन कार्य की समीक्षा की।

उन्होंने सड़कों पर से मवेशियों को हटाने और इसके लिए जिम्मेदार पशु मालिकों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पिछले दिनों सड़क हादसे में मृत मवेशियों के लिए जिम्मेदार लोगों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भी तलब की है। कलेक्टर ने कहा कि सड़कों पर हादसा रात 10 से 2 बजे तक घटित हुई हैं। इस समय पर टीम ज्यादा जागरूक होकर रात्रि गश्त करें। मवेशी यदि इस दौरान झुण्ड में सड़कों पर बैठे मिलें तो उन्हें उस जगह से हटाकर अन्य सुरक्षित स्थान पर ले जाय। जिन लोगों की ये पशु हैं, उनकी पहचान करे। उनमें टैग लगाकर अथवा ग्रामीणों एवं कोटवार के जरिए मवेशी मालिक की पहचान करे। उन पर तत्काल संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज किया जाए। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 1 दर्जन पशु मालिकों के खिलाफ अपराध दर्ज किए गए हैं। कलेक्टर ने इसके लिए ग्रामीणों को जिम्मेदार और जागरूक करने पर भी जोर दिया।

■ कलेक्टर-एसपी ने की पशु प्रबंधन कार्य की समीक्षा

**पांच एकड़ से ज्यादा भूमि वाले के राशन कार्ड खतरे में**

# बीपीएल राशन कार्ड बचाने पटवारियों के लगा रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सार्वजनिक वितरण प्रणाली व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत उन बीपीएल हितग्राहियों के राशन कार्ड का सत्यापन चल रहा है, जिनका नाम सेंट्रल गवर्नमेंट से भेजी गई सत्यापन सूची में आया है। इसमें 6 लाख रुपए से अधिक व 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले हितग्राहियों के बीपीएल राशन कार्ड खतरे में हैं। इसलिए सत्यापन सूची में नाम वाले हजारों हितग्राही इन दिनों पटवारियों के चक्कर काटने में लगे हुए हैं।

इन बीपीएल राशन कार्डधारियों को पटवारियों से अपनी जमीन संबंधी पूरी जानकारी लिखवाकर संबंधित राशन दुकान संचालक के पास जमा करना है, इसलिए जिन बीपीएल राशन कार्डधारियों के नाम सत्यापन सूची में आ गया है, वे अपनी जमीन की जानकारी निकलवाने और जमीन संबंधी एनओसी कराने पटवारी कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं।

■ हितग्राहियों को एनओसी लेने करनी पड़ रही अपनी जेब ढीली

एक तो पटवारियों से मुलाकात कर पाना ही बड़ा मुश्किल काम है उस पर हितग्राहियों को एनओसी लेने अपनी जेब भी ढीली करनी पड़ती है। क्योंकि अगर वे पटवारी से एनओसी लेकर राशन दुकान वाले के पास जमा नहीं करेंगे तो आगे चलकर उन्हें चावल, शक्कर आदि राशन सामग्री मिलना बंद हो जाएगा और उनका बीपीएल राशन कार्ड भी निरस्त हो जाएगा।

### 1 लाख 54 हजार राशन कार्ड संदिग्ध

सेंट्रल गवर्नमेंट से सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत भौतिक सत्यापन के लिए जो संदिग्ध राशन कार्डो की सूची भेजी गई है, उसमें बिलासपुर जिले में लगभग 1 लाख 54 हजार संदिग्ध राशन कार्ड बताए गए हैं। इन्हीं संदिग्ध राशन कार्डो का जांच चल रहा है और संबंधित राशन दुकान संचालकों को उनके दुकान के संदिग्ध राशन कार्डो की सूची दे दी गई है। राशन दुकान वाले संदिग्ध राशन कार्ड वाले हितग्राहियों को बताया रहा है जिसके बाद वे पटवारी से अपनी जमीन का सत्यापन कराकर एनओसी लाकर जमा करा रहे हैं।

### भौतिक सत्यापन कराया जा रहा

सार्वजनिक वितरण प्रणाली, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत संदिग्ध राशनकार्डो का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। सेंट्रल गवर्नमेंट से उसमें 2. 27 एकड़ भूमि निर्धारित किया गया है जो कि दूसरे राज्यों के लिए है। इसमें छत्तीसगढ़ में 5 एकड़ से कम भूमि को पात्र माना जाएगा।

**-अर्मित कुजूर**, खाद्य नियंत्रक, खाद्य विभाग



## निधन

### वीरेन्द्र शर्मा



**बिलासपुर।** सीपत रोड जगदम्बा कालोनी निवासी हरिभूमि के पत्रकार वीरेन्द्र शर्मा धमनी वाले का 23 सितंबर को निधन हो गया। वे 63 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार बुधवार की सुबह 9:30 सरकंडा मुक्तिधाम में होगा। वे अपने पीछे धर्मपत्नी रजनी शर्मा, पुत्री आस्था गौरहा, प्रथा शर्मा और प्रज्ञा शर्मा और पुत्र पार्थ शर्मा को छोड़ गए हैं ।

### लक्ष्मी किंगरानी



**बिलासपुर।** एल-10 विनोबा नगर निवासी लक्ष्मी किंगरानी का निधन 23 सितम्बर मंगलवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार भारतीय नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. गोविंदमल के सुपुत्र जय रामदास किंगरानी की धर्मपत्नी, आशुतोष एवं रूपेश की माता थीं।

### सुश्रीनिशा श्रीवास्तव



**बिलासपुर।** सेवानिवृत सहायक प्राध्यापक होलीक्रॉस कॉलेज अंबिकापुर सुश्रीनिशा श्रीवास्तव का बिलासपुर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा बिलासपुर में किया गया। वे स्वर्गीय उमाशंकर श्रीवास्तव की पुत्री, अरुण एवं भूपेश श्रीवास्तव की बहन थीं।

### संतोष मोदी



**बिलासपुर।** गायत्री मंदिर रोड विद्यानगर निवासी संतोष मोदी पिता स्व. गोविंदराम मोदी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 23 सितंबर को उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे प्रकाश, प्रेम मोदी के भाई एवं हनुमान, कल्लू, नंदू मोदी के पिता थे।

### उषा बाई क्षत्री



**तखतपुर।** ग्राम बहुरता निवासी पूर्व सरपंच उषा बाई क्षत्री की 70 वर्ष की आयु में 23 सितम्बर को निधन हो गया। वे गुलशन सिंह एवं राजू सिंह की मां थी। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बहुरता में किया गया।

# मन्नादाई मंदिर में निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

बिलासपुर जिले के सुदूर वनांचल में स्थित ग्राम सोंठी में बगलामुखी मां मन्नादाई का भव्य मंदिर स्थापित है, जहां आदिकालीन पर्वत वासिनी बगलामुखी मां मन्नादाई लगभग 400 वर्षों से विराजमान हैं। मंदिर में शारदीय और बसंती नवरात्रि के साथ-साथ गुप्त नवरात्रि भी बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। ग्राम सोंठी के मन्नादाई मंदिर में क्वांर नवरात्रि में मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित रहती है तथा चैत्र में जवारा कलश बोया जाता है।

शारदीय नवरात्रि में के प्रथम दिन विगत 4 वर्षों से ग्राम में माता का नगर भ्रमण कार्यक्रम आयोजित होता है, जिसमें श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकालते हैं। नवरात्रि के प्रथम दिवस 22 सितंबर को निकाली गई कलश यात्रा में लगभग 3 हजार से 4 हजार श्रद्धालु उपस्थित थे, जिसमें ग्राम के सरपंच नीमा वस्त्रकार के साथ-साथ जनपद प्रतिनिधि लक्ष्मीपोर्ते भी





शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।

सह परिवार उपस्थित रहीं। मां मन्नादाई सेवा समिति के अध्यक्ष रामेश्वर जायसवाल ने बताया कि, ग्राम सोंठी में स्थित बगलामुखी मां मन्नादाई भक्तों की मान्यता तत्काल पूर्ण करने वाली देवी हैं। जो भी भक्त हर सच्चे मन से मन्नत मानता है, उसकी मनोकामना अवश्य ही पूरी होती है। ग्राम वासियों ने श्रमदान सहयोग के द्वारा भव्य मंदिर एवं ज्योति कलश कक्षा का निर्माण कराया है। मंदिर परिसर हरे-भरे वृक्षों से आच्छादित है, जिसमें माता की बगिया का निर्माण कराया जा रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने अपने प्रवास के दौरान मंदिर की गरिमा से आकर्षित होकर संस्कृत मंच हेतू 50 हजार का स्वेच्छानुदान दिया है। नवरात्रि के पश्चात सांस्कृतिक मंच का भी निर्माण किया जाएगा।

कलश यात्रा में शामिल होकर आसपास के ग्रामों से हजारों श्रद्धालु पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस बार भी मन्नादाई सेवा समिति की ओर से विशाल नवरात्रि पर्व का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्य रूप से भीम प्रताप सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष, भूपेंद्र तिवारी कोषाध्यक्ष, राज किशोर ठाकुर सचिव, सहित हीरालाल पटेल, महेंद्र चंद्रिकापुरे, फागुराम पटेल, महेंद्र जायसवाल, भूषण पटेल, श्याम सुंदर पटेल, सुनऊ राम पटेल, प्रीतम सिंह ठाकुर सहित समस्त ग्रामवासी सहयोग दे रहे हैं। मंदिर में इस वर्ष 627 तेल ज्योति कलश तथा 14 घी ज्योति कलश प्रज्वलित हैं, जिसकी देखभाल पंडित प्रमोद तिवारी, कार्तिक राम बैगा, संतोष बैगा, धनीराम कोमल बैगा किशन बैगा के द्वारा की जा रही है।



# धरमलाल ने व्यापारियों व ग्राहकों के बताए जीएसटी दरों के लाभ

**सरगांव।** केंद्र की भाजपा सरकार ने करीब 375 वस्तुओं और सेवाओं पर जीएसटी दरों में कटौती की है। नई दरें रविवार देर रात 12 बजे से लागू हो चुकी हैं। इसके तहत क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक ने मंगलवार को नगर की दुकानों में घूम-घूम कर जीएसटी में हुई कटौती के बारे में व्यापारियों एवं ग्राहकों को जानकारी दी।

श्री कौशिक के कहा कि, दुपहिया वाहनों से लेकर कारों की कीमतों पर कटौती का लाभ लाभ सोमवार से निम्न, मध्य वर्ग, किसान और उद्यमियों को मिलना शुरू हो गया। इससे रसोई में इस्तेमाल होने वाले सामान से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयां और उपकरणों से लेकर वाहन तक लगभग 375 वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी। वहीं, उद्यमियों खासकर छोटे उद्यमियों के लिए जीएसटी का पंजीकरण कराने से लेकर रिफंड पाने की प्रक्रिया आसान होगी। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष पोषण यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद साहू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रणजीत सिंह, हैप्पी, मंडल उपाध्यक्ष पंकज वर्मा सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# देवी भागवत कथा से दिया परोपकार और वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश

**बिलासपुर।** रतनपुर स्थित महामाया मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा में कथा व्यास आचार्य झम्मन प्रसाद शास्त्री ने भक्तों को परोपकार और वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मां भगवती स्वयं प्रकृति स्वरूप हैं और सृष्टि का हर कण हमें निःस्वार्थ सेवा और दूसरों के लिए जीने की प्रेरणा देता है।

महामाया मंदिर प्रांगण में दिव्य वातावरण के बीच श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया। कथा व्यास आचार्य झम्मन प्रसाद शास्त्री ने प्रवचन देते हुए कहा कि नदियां परोपकार के लिए बहती हैं, वृक्ष धूप में खड़े रहकर दूसरों को छाया देते हैं, सूर्य अपनी





किरणों से संपूर्ण संसार को प्रकाशित करता है, चंद्रमा से शीतलता मिलती है, समुद्र वर्षा के लिए सहायक बनता है, पेड़ फल-फूल और सब्जियां देते हैं, गायें दूध देती हैं, वायु जीवन के लिए प्राणशक्ति प्रदान करती है और पशु भी अपना शरीर नरभक्षियों को अर्पित कर देते हैं। प्रकृति का यही त्यागमय वातावरण मानव को सिखाता है कि वह भी परोपकार की राह अपनाए। आचार्य ने कहा कि मानव जीवन अनमोल और पुण्य का परिणाम है। इसे व्यर्थ की तुच्छ वृत्तियों में न गवाकर, परोपकार जैसे कार्यों में लगाना ही सच्ची शांति और आनंद का मार्ग है। उन्होंने महर्षि वेदव्यास का उल्लेख करते हुए कहा कि परोपकारः पुण्याय, पापाय परपीडनम, अर्थात परोपकार ही पुण्य है और दूसरों को कष्ट देना पाप है।

### त्याग-सेवा की भावना बढ़ाएं

आचार्य ने वसुधैव कुटुम्बकम की व्याख्या करते हुए कहा कि परोपकारी व्यक्ति के लिए संपूर्ण संसार ही परिवार बन जाता है। इसलिए हर मनुष्य को अपनी शक्ति के अनुसार दूसरों की सहायता करनी चाहिए और समाज में त्याग एवं सेवा की भावना को बढ़ावा देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान दिव्य वेदियों की स्थापना, कलश यात्रा और महाआरती का भी आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या ने इसमें भाग लेकर देवी भागवत कथा का श्रवण किया और आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**तखतपुर।** विवाह के 18 साल बाद पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसे पुलिस ने जब्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम बेलपान में रहने वाले देव लाल मरकाम पिता संतराम मरकाम उम्र 52 वर्ष का शव बेलपान अमने मार्ग के पास पेड़ पर लटका हुआ मिला था। परिजन ने पुलिस को बताया कि देव लाल मरकाम सुबह साढ़े 4 बजे घर से निकला था। राहगीरों ने परिजन को बताया कि देव लाल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस ग्राम बेलपान पहुंचकर शव को उतरवाया। पंचनामा के दौरान मृतक की तलाशी लेने पर उसकी जेब से सुसाइड नोट मिला है।

# धर्मजीत ने व्यापारियों से कहा जीएसटी से महंगाई होगी कम



**तखतपुर।** तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने भारतीय जनता पार्टी मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार को नगर के व्यापारियों से मुलाकात कर जीएसटी दरों में कटौती के फैसले के फायदे बताए। उन्होंने व्यापारियों को बताया कि जीएसटी दरों में कमी से कारोबार को गति मिलेगी और उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी।

विधायक और भाजपा मंडल के पदाधिकारियों ने एक-एक दुकान जाकर व्यापारियों और ग्राहकों से संवाद किया। उन्होंने समझाया कि, जीएसटी दरों में कमी से वस्तुओं की कीमतें कम होंगी, जिससे ग्राहकों की खरीदारी बढ़ेगी। इससे व्यापारियों को न सिर्फ राहत मिलेगी, बल्कि उनके व्यापार में भी बढ़ोतरी होगी। व्यापारियों ने सरकार के इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि, जीएसटी दरों में कमी से कारोबारियों का बोझ कम होगा और बाजार में ग्राहकों का विश्वास भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता सस्ती कीमतों पर सामान खरीद सकेंगे, जिससे बाजार की रौनक वापस आएगी। वहीं, उपभोक्ताओं ने भी प्रधानमंत्री के इस फैसले की सराहना की। उन्होंने इसे एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि, इससे महंगाई कम होगी और आम लोगों को फायदा होगा। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक, तखतपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष नैनलाल साहू, मंडल महामंत्री प्रमोद ठाकुर, अमित मंदानी, पार्षद अंकित अग्रवाल, पार्षद इस्लाम अंसारी, सुरेश देवांगन, लव पाण्डेय, चंद्रकांत द्विवेदी, दिलीप तोलानी, प्रदीप तिवारी, उपेंद्र खुराना, किशन सचदेव, अनिल शिवहरे, सूरज रजक, निहाल साहू, सन्नी बग्गा, अभिषेक सिंह, गिरीश तोलानी, चिंटू ठाकुर, अजय यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# किसानों ने पंडरिया-कवर्धा मार्ग किया जाम



**लोरमी।** यूरिया नहीं मिलने से नाराज क्षेत्र के किसानों ने पंडरिया-कवर्धा मुख्य मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। आनन-फानन में प्रशासनिक अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची एवं किसानों को समझाइश देकर मामला शांत कराया गया। जानकारी के अनुसार यूरिया नहीं मिलने से नाराज किसान 23 सितंबर सुबह 10.30 बजे ग्राम बोड़तरा में पंडरिया-कवर्धा मुख्य मार्ग को अवरुद्ध कर बैठ गए, जिससे इससे दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। बताया जा रहा कि, किसानों को निजी खाद की दुकान से यूरिया वितरण होना था, लेकिन दुकान बंद होने से किसान नाराज हो गए और सड़क जाम कर दिया। जाम दो घंटे तक लगा रहा, जिससे लोग सड़कों पर खड़े होकर परेशान होते रहे।

### टोकन वितरण किया गया

विपक्षी दल के साथ किसानों ने चक्का जाम किया है। जिस दुकान से यूरिया सप्लाई होना था, उसका संचालक दुकान बंद कर कहीं चला गया था। उसको बुलवाकर किसानों की समस्या का हल किया गया। लोरमी में पर्याप्त खाद है, इसको लेकर किसानों को टोकन वितरण किया गया।

- धनंजय कुर्रे, कृषि विभाग के एसडीओ

### समस्या का होगा निदान

किसानो के द्वारा मार्ग अवरुद्ध की जानकारी मिली, जिस पर अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर किसानों की समस्या का निदान किया गया।

- अजय शतरंज, एसडीएम

# श्रीमद् भगवत गीता सार सुखद जीवन का आधार: शशिप्रभा

**मस्तूरी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कोटमीसुनार की ओर से स्टेशन मोहल्ला मार्ग पर 'श्रीमद् भागवत गीता सार सुखद जीवन का आधार' नव दिवसीय ज्ञान यज्ञ महोत्सव के साथ सजाई गई चैतन्य देवियों की झांकी बहुत ही दर्शनीय एवं जीवन्त है, जो कि राजयोग से ही सम्भव है। यहां पर मां दुर्गा के रूपों को अत्यन्त आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। झांकी का शुभारम्भ गीता सार प्रवक्ता राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा दीदी, रामनाथ सोनी, टीकाराम कैवर्त्य, भविष्य भारद्वाज, हेमंत साहू, ईश्वर साहू, धनंजय भाई, अनुराग केवट, भागवत पटेल सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।

■ चैतन्य देवियों की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

दीदी जी ने श्रद्धालुओं से आह्वान करते हुए कहा कि, श्रीमद् भगवत गीता सार सुखद जीवन जीने का आधार है। इसके अंतर्गत जीवन के अनेक समस्याओं का समाधान निहित है, साथ ही यह हमें आज के तनावपूर्ण वातावरण में



सरलता व सहजता से अपनी मनोविकृतियों पर विजय प्राप्त करनें मन का नियंत्रण करनें की कला व शक्ति प्रदान करता है। श्रीमद् भगवत गीता सार सुखद जीवन का आधार ज्ञान यज्ञ का आयोजन 22 सितंबर से 30 सितंबर तक शाम 4 बजे से 6 बजे तक किया जाएगा। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा दीदी ने बतलाया कि यह झांकी प्रतिवर्ष नवरात्रि पर ब्रह्माकुमारीज प्रभु अनुराग भवन के द्वारा लगाई जाती है। चैतन्य होने के कारण लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र है। यह झांकी कोटमी सोनार स्टेशन मोहल्ला में 2 अक्टूबर तक लगेगी, जिसका भक्त प्रतिदिन शाम को 6 से रात्रि 8 बजे दर्शन कर सकेंगे।

## नहीं रहे भाजपा के वरिष्ठ सदस्य बल्दाऊ



**सीपत।** भारतीय जनता पार्टी के सबसे वरिष्ठ और समर्पित कार्यकर्ताओं में से एक, बल्दाऊ प्रसाद गुप्ता का सोमवार रात 7 बजे 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका निधन सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि एक युग का अंत है। वे न केवल राजनीति के क्षेत्र में बल्कि समाजसेवा, शिक्षा और सांस्कृतिक मूल्यों के संवाहक भी थे। बल्दाऊ प्रसाद गुप्ता का जन्म 26 सितम्बर 1938 को ग्राम गुड़ी सीपत में एक प्रतिष्ठित परिवार में हुआ। उनके पिता स्वर्गीय ईश्वरदत्त गुप्ता गांव के सरपंच एवं मालगुजार थे। प्रारंभिक शिक्षा उन्होंने समीपवर्ती ग्राम नरगोड़ा में प्राप्त की, जबकि हायर सेकेंडरी की शिक्षा उन्होंने बिलासपुर में पूरी की।

## साली को गाली देने से मना करने पर युवक के साथ मारपीट

**तखतपुर।** साली को गाली देने से मना करने पर जीजा से मारपीट करने वाले के विरूद्ध पुलिस ने धारा 115,2 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खैरा डगनिया थाना सीपत निवासी हेमलाल सूर्यवंशी अपने ससुराल ग्राम चनाडोंगरी आया था। 22 सितम्बर को गांव का ही दिनेश उर्फ कुशवा सूर्यवंशी घर के सामने आकर उसकी साली सबिना सूर्यवंशी का नाम लेकर गाली-गलौज कर रहा था। हेमलाल सूर्यवंशी ने उसे ऐसा करने से मना किया तो दिनेश उर्फ कुशवा सूर्यवंशी ने उसके साख गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ :- जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00039 तालापारा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CT202425400108500175

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम तालापारा के वर्तमान भूमिस्वामी जरीना बेगम पिता/पति-मरहूम अब्दुल रहीम खान पता-सा. देह. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 161/20 (0.0120) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता फातीमा बेगम पिता/पति-सैय्यद अब्दुल नईम पता-फैज नगर तालापारा बिलासपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरात नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13/10/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/09/2025 को जारी किया जाता है।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**AKASH GUPTA बिलासपुर**

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र..........ब- 121/2025
क्रमांक /296/ वाचक/तह. /2025
लालपुर थाना दिनांक 09.09.2025

सर्वधारणा/आम जनता ग्राम कलमीडीह को सूचित किया जाता है कि आवेदक परमेश्वर पति/ पिता दयालदास जाति सतनामी साकिन कलमीडीह तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/माता/पुत्री/पुत्र/दादा/दादी/भाई/बहन चन्द्रकुमारी घृतलहरे आ. श्री परमेश्वर के जन्म दिनांक 19.06.1998 ग्राम कलमीडीह को हो जाने के कारण जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा / आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 25.09.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/ अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 09/09/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**लालपुर (थाना) जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र..........ब- 121/2025
क्रमांक /292/ वाचक/तह. /2025
लालपुर थाना दिनांक 09.09.2025

सर्वधारणा/आम जनता ग्राम कलमीडीह को सूचित किया जाता है कि आवेदक मानसिंह पति/ पिता रामधार जाति गोड़ साकिन कलमीडीह तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/ माता/ पुत्री/ पुत्र/ दादा/ दादी/ भाई/ बहन बडे पिता टेकराम आ. श्री बहोर के मृत्यु दिनांक 17.08.2023 ग्राम कलमीडीह को हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा / आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 25.09.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/ अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 09/09/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**लालपुर (थाना) जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार पेण्ड्रारोड, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र /अ-6-अ
ग्राम लालपुर

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम लालपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक जमुना प्रसाद पिता स्व. दसमंता जाति राठौर निवासी ग्राम लालपुर तहसील पेण्ड्रारोड जिला गौ.पे.म. (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम लालपुर प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. मेंढुका तहसील पेण्ड्रारोड जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) मे स्थित भूमि ख.नं. 269/1, 303 रकबा क्रमशः 0.61, 0.13 एकड भूमि अनावेदक के नाम पर दर्ज रही है। उक्त वाद भूमि को आवेदक के पिता स्व. दसमंता राठौर पिता स्व. पुनसेन राठौर द्वारा दिनांक 06/01/1971 को रजिस्ट्री बैनामा के द्वारा अनावेदक मंगल पिता सरवन राठौर से खरीदा था। उक्त वाद भूमि को रजिस्ट्री बैनामा के आधार पर आवेदक वंशवृक्ष अनुसार अपने नाम पर दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

उक्त आवेदन पत्र के आधार पर इस न्यायालय में प्रकरण पंजीबद्ध कर सुनवाई की जा रही हैं। आवेदित भूमि के रिकार्ड दुरूस्ती के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में स्वयं/अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दिनांक 08.10.2025 तक अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 27.06.2025. को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार, पेण्ड्रारोड**

**शपथपत्र**

मैं करूणा बेरिया, उम्र 45 वर्ष पति सुजीत बेरिया, निवासी अन्नपूर्णा कालोनी, गणेश नगर तह व जिला बिलासपुर छ.ग. की हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक बयान करती हूँ- 1 यह कि BHAVY BERIYA मेरा अवयस्क पुत्र है, जो कि वर्तमान में कक्षा दसवी सेक्शन सी. द.पूम रेलवे उ.मा. शाला नं-2, बिलासपुर छ.ग. में अध्यनरत है पुत्र का दाखिला नं-17007 है। 2 यह कि पुत्र का सही एवं वास्तविक नाम BHAVY BERIYA है, जो कि पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र व अन्य अभिलेखों में दर्ज है किन्तु पुत्र के विद्यालयीन अभिलेखों में पुत्र का नाम BHAVYA BERIA दर्ज है, जो कि त्रुटियुक्त है। 3 यह कि हमारा सरनेम BERIYA है, किन्तु पुत्र के शैक्षणिक अभिलेखों में पुत्र के त्रुटियुक्त नाम के साथ मेरा व मेरे पति का सरनेम भी त्रुटियुक्त दर्ज है, जिसे संशोधित करवाना आवश्यक है। 4 यह कि उपरोक्तानुसार BHAVY BERIYA एवं BHAVYA BERIA दोनो एक ही बालक है जो कि मेरा अवयस्क पुत्र है इसी प्रकार BERIYA एवं BERIA दोनो एक ही सरनेम है जो कि हमारे परिवार का सरनेम है।

अतएव पुत्र के शैक्षणिक अभिलेखों में पुत्र का सही नाम अर्थात BHAVY BERIYA पुत्र की माता अर्थात मेरा नाम KARUNA BERIYA एवं पुत्र के पिता अर्थात मेरे पति का सही नाम अर्थात SUJIT BERIYA के अनुसार दर्ज कर संशोधित किया जाए, एवं तदानुसार व्यवहार में लाया जाए, जिसके समर्थन में यह शपथपत्र निष्पादित कर पेश कर रही हूँ।

शपथकर्ती

**सत्यापन**

मै शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका 1 से 4 तक सत्य व सही है। आज दिनांक 19/09/2025 को मेरे द्वारा पढकर समझकर हस्ताक्षर किया।

शपथकर्ती

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रश्मि अग्रवाल पिता हरी शंकर अग्रवाल निवासी ब्रहस्पति बाज़ार बिलासपुर छत्तीसगढ़ के स्वामित्व हक की कृषि भूमि स्थित मौजा सैदा म.नं.1 प.ह.नं. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 70/3 रकबा 0.3840 हेक्टेयर /0.948 एकड़ तथा खसरा नंबर 70/4 रकबा 0.7370 हेक्टेयर / 1.821 एकड़ तथा खसरा नंबर 70/5 रकबा 0.4250 हेक्टेयर /1.05 एकड़ खसरा नंबर 70/6 रकबा 0.1820 हेक्टेयर / 0.449 एकड़ तथा खसरा नंबर 70/7 रकबा 0.2430 हेक्टेयर / 0.60 एकड़ तथा सैदा म.नं. 2 प.ह.नं. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 60/1 रकबा 0.275 हेक्टेयर / 0.68 एकड़ तथा खसरा नंबर 60/2 रकबा 0.138 हेक्टेयर / 0.34 एकड़ तथा खसरा नंबर 60/3 रकबा 0.138 हेक्टेयर / 0.34 एकड़ तथा खसरा नंबर 60/4 रकबा 0.275 हेक्टेयर / 0.68 एकड़ तथा खसरा नंबर 61/1 रकबा 0.632 हेक्टेयर/1.56 एकड़ तथा खसरा नंबर 63/4 रकबा 0.186 हेक्टेयर / 0.46 एकड़ तथा खसरा नंबर 64/1 रकबा 0.353 हेक्टेयर / 0.87 एकड़ तथा खसरा नंबर 67/4 रकबा 0.081 हेक्टेयर /0.20 एकड़ तथा सैदा म.नं. 4 प.ह.नं. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 11/4 रकबा 0.2020 हेक्टेयर / 0.499 एकड़ तथा खसरा नंबर 14/1 रकबा 0.1620 हेक्टेयर / 0.400 एकड़ तथा खसरा नंबर 14/2 रकबा 0.1620 हेक्टेयर / 0.400 एकड़ तथा खसरा नंबर 15/1 रकबा 0.0890 हेक्टेयर / 0.219 एकड़ तथा खसरा नंबर 16/1 रकबा 0.3360 हेक्टेयर /0.830 एकड़ कुल खसरों की संख्या अठारह कुल रकबा 5.000 हेक्टेयर/12.35 एकड़ भूमि को JADE INFRAVENTURES LLP द्वारा खरीदने का सौदा कर लिया गया है जिसका जल्द ही पंजीयन करा लिया जायेगा।

अतः इस बाबत जिस किसी व्यक्ति बैंक, संस्था, शासकीय अर्ध शासकीय कार्यालय आदि को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से दिनांक 01-10-2025 के भीतर मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेज सहित आपत्ति प्रकट कर सकता है। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जाने।

**नवीन कुमार बिसेन (अधिवक्ता)**
आनन्द अपार्टमेन्ट के सामने
साँई मंदिर के पास, 27 खोली, बिलासपुर
(छ.ग.) मो.-9893977620

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गिरीश कुमार अग्रवाल पिता स्व. नरेंद्र कुमार अग्रवाल निवासी ब्रहस्पति बाज़ार बिलासपुर छत्तीसगढ़ के स्वामित्व हक की कृषि भूमि स्थित मौजा सैदा मन 1 प.ह.न. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 70/2 रकबा 0.8700 हेक्टेयर/2.149 एकड़ तथा सैदा मन 2 प.ह.न. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 64/2 रकबा 0.457 हेक्टेयर 1.13 एकड़ तथा खसरा नंबर 63/1 रकबा 0.582 हेक्टेयर / 1.44 एकड़ कुल खसरो की संख्या तीन कुल रकबा 1.909 हेक्टेयर / 4.719 एकड़ भूमि को JADE INFRAVENTURES LLP द्वारा खरीदने का सौदा कर लिया गया है जिसका जल्द ही पंजीयन करा लिया जायेगा।

अतः इस बाबत जिस किसी व्यक्ति बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय आदि को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से दिनांक 01.10.2025 के भीतर मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेज सहित आपत्ति प्रकट कर सकता है। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जाने।

**नवीन कुमार बिसेन**
**अधिवक्ता**
**आनन्द अपार्टमेंट के सामने सांई मंदिर के पास 27 खोली बिलासपुर छ.ग.**
**मो. 9893977620**

**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**राजस्व मामले में उपस्थिति हेतु सूचना**

रा.प्र.क्र.202507070800092/ अ-6/2024-25, ग्राम तखतपुर तहसील तखतपुर

प्रति,

श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर पिता श्री गजराज सिंह ठाकुर जाति ठाकुर निवासी कुदुदण्ड बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक विश्वनाथ देवांगन पिता श्री हरी प्रसाद देवांगन जाति कोष्टा निवासी पड़रिया रोड तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम तखतपुर प.ह.न. 28 रा.नि.म. व तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नम्बर 428/8 रकबा 0.0200 हे. भूमि को पंजीकृत बैनामा के जरिए नामा. क्र. 317 वर्ष 2018-19 के अनुसार अभिलेख दुरूस्ती कर ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण मेरे न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि के अभिलेख दुरूस्ती में यदि आपको कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति लिखित में दिनांक 29.09.2025 को मेरे न्यायालय में स्वतः या अपने अधिवक्ता या मान्य अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत करें अन्यथा बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 17.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी।

**तहसीलदार तखतपुर,**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा आदित्य पटेल पिता मुरितराम पटेल. निवासी J.S.P.L. कालोनी रायगढ़ के नाम पर ग्राम कोनी म.न. 01 प.ह.न. 23 रा.नि.म. कोनी खसरा न. 194/21 रिवर व्यू कालोनी में स्थित है जिसका कुल रकबा 0.185 एकड़ भूमि है, जिसे क्रय करने पक्का सौदा करते हुए, बयाना राशि दी जा चुकी है एवं जल्द ही रजिस्ट्री कराई जानी है।

इस बाबत यदि किसी व्यक्ति / संस्था/बैंक/शासकीय - अर्ध शासकीय कार्यालय या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 5 दिनों के भीतर समस्त कागजात सहित मुझसे संपर्क कर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है। इसके बाद की गयी किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति नाजायज़ एवं शून्य मानी जायेगी। सो सूचना जाने।

भवदीय
अर्जुन लाल खोण्डेय
बांकी मोगरा कोरबा
8459601728, 8770181893

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

ई.रा.प्र.क्र.202508072100011/ अ-21/2024-25
क्रमांक /क/वा/अति.तह./2025, बिलासपुर
दिनांक : 18.09.2025

ग्राम मंगला के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है मौजा मंगला प.ह.नं. 35 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि प.ह.नं. 1425/42 रकबा 0.0320 हे. भूमि को गैर आदिवासीय को विक्रय की अनुमति के लिए आवेदिका तुलिका प्रजापति आ.स्व.प्रवीण कुमार प्रजापति, जाति-उरांव (अनु.ज.जा.) हाल मुकाम मोहला, जिला मोहला मानपुर अं.चौकी (छ.ग.) द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-165 (6) के अंतर्गत कलेक्टर महोदय बिलासपुर के समक्ष आवेदन किया गया, जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलासपुर के माध्यम से जांच एवं प्रतिवेदन के लिए प्राप्त हुआ।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति /दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 06/10/2025 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 10/09/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**








## खबर संक्षेप

### पं.दीनदयाल की जयंती 25 को, क्रेडा अध्यक्ष सवन्नी ने ली तैयारी बैठक



**बिलासपुर।** भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा पर कार्यक्रम आयोजित कर रही है। आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर मंगलवार को क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी ने भाजपा कार्यालय में शहर पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक ली। सवन्नी ने कहा कि 25 सितम्बर को पं.दीनदयाल उपध्याय की जयंती पर समस्त मंडलों एवं बूथों में पुष्पाजंलि कार्यक्रम आयोजि किए जाएंगे। इसके प्रभारी बनाने को कहा। 25 सितम्बर को पं.दीनदयाल जयंती पर दोपहर 2 बजे आत्मनिर्भर भारत पर चर्चा एवं विकसित भारत लेकर संगोष्ठी लखीराम अग्रवाल आडिटोरियम में होगी। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, सोमेश तिवारी, प्रदीप कौशिक, गुलशन ऋशि, पुनीता डहरिया, पेंगन वर्मा, अश्वनी शर्मा, अजीत सिंह भोगल, देवेन्द्र कौशिक, रानू सिदार, सुक्रीता लहरे, रितेश अग्रवाल, चंदना गोस्वामी, लक्ष्मीनारायण कश्यप, शैलेन्द्र यादव, देवेन्द्र पाठक, राकेश लालवानी, मनोज सोनी, श्री एसश्री निवास राव, उमाशंकर कश्यप, लव श्रीवास, इन्द्रजीत क्षत्री, रवि मेहर, विनोद यादव, रामकुमार निर्मलकर सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### ग्रामीण कृषि विस्तार और कृषि विकास अफसरों ने दिया धरना



**बिलासपुर।** छग के कृषि विभाग में कार्यरत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं कृषि विकास अधिकारियों की 9 सूत्रीय लंबित मांगो की पूर्ति के लिए छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर 8 सितम्बर से चरणबद्ध आंदोलन करते हुए प्रथम चरण में शासन के ध्यानाकर्षण करने 8 एवं 9 सितम्बर को काली पट्टी लगाकर कार्य निष्पादन किया गया। द्वितीय चरण में बिना संसाधन भत्ता के ऑनलाइन कार्यो का निष्पादन बंद करके 15 सितंबर को भोजन अवकाश के समय जिले कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं तहसीलदार के माध्यम से लंबित मांगो की पूर्ति करने ज्ञापन सौपा गया था किन्तु आज पर्यन्त उनकी मांगें पूरी नहीं हो सकी। 23 सितम्बर को जिला मुख्यालय में दोपहर 3 बजे तक जिला बिलासपुर के समस्त ग्रा.कृ.वि.अ. एवं कृ.वि.अ. अपनी जायज मांगों के संदर्भ में पुनः ध्यान आकृष्ट करते हुए अतिशीघ्र लंबित मांगो की पूर्ति करने का अनुरोध किया गया।

प्राध्यापकों और अपने साथियों से मिलकर भावुक हुए विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र

# डॉ. सीवी रमन विवि में एलुमनी मीट पूर्व छात्रों ने पुराने दिनों को याद किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना के रजत जयंती के अंतर्गत डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय 9 सितंबर से 27 सितंबर तक एलुमनी मीट का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में देशभर के शिक्षाविद्, शोधार्थी, विद्यार्थी और पूर्व छात्र शामिल हुए। वर्षों बाद एक दूसरे साथियों से मिलकर और प्राध्यापक से मिलकर पूर्व छात्र भावुक गए।

पूर्व विद्यार्थियों ने अपने पुराने बीते दिनों को याकिया और खट्टे मीठे पलों को सभी से साझा किया। विवि के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि पूर्व विद्यार्थी अपने संस्थान से जुड़े। अपने छोटे विद्यार्थियों और साथियों की मदद करें। साथ ही साथ संस्थान से जुड़कर उसकी उन्नति और समाज उन्नति में सहायता करें। इस अवसर पर छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। देश-विदेश में कार्यरत पूर्व छात्रों ने लौटकर अपने अनुभव साझा किए और मौजूदा विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय में बिताए अपने पुराने दिनों को याद किया और खट्टी मीठी यादों को साझा भी किया। कुलपति ने कहा कि आने वाले वर्षों में इसे और व्यापक स्तर पर आयोजित करेंगे। इस अवसर पर कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि पूर्व विद्यार्थी अपने नए साथियों को साथ लेकर चलें । उनका मार्ग प्रशस्त करें। संकुलपति डॉ जयति चटर्जी नहीं कहा कि विद्यार्थी विश्वविद्यालय के प्रति भी अपने दायित्व को समझें और निरंतर जुड़ाव बनाकर विश्वविद्यालय की प्रगति में भी सहयोग करें। इस अवसर पर डॉ राजीव पीटर्स, डॉ अमृता वर्मा, डॉ काजल मोईत्रा,अमित रुद्राकार , जय त्रिवेदी, सौरभ पीटर्स, सहित बड़ी संख्या में सभी विभागों के विभाग अध्यक्ष प्राध्यापक और पूर्व छात्र उपस्थित थे।

### इन विभागों में हुआ है एलुमनी मीट

एजुकेशन, फिजिकल एजुकेशन, कला संकाय, वाणिज्य एवं प्रबंधन, विज्ञान संकाय, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संगणक विज्ञान, विधि। 27 सितंबर को फार्मेसी का एल्यूमिनी मीट आयोजित किया जाएगा।

# रेलवे क्षेत्र की जर्जर सड़कों से परेशान राहगीर

**बिलासपुर।** बिलासपुर रेलवे स्टेशन से बमुश्किल 1 से 2 वर्ग किमी क्षेत्र में फैले रेलवे कॉलोनी के लोग अच्छी सड़क के लिए तरस रहे हैं । पूरे भारत में सर्वाधिक कमाई बिलासपुर जोन से होती है लेकिन रेलवे क्षेत्र में रहने वाले लोग एक अच्छी सड़क के लिए भी तरसते देखे जा सकते हैं। इसे लेकर पूर्व पार्षद भाजपा नेता वी रामा राव ने चिंता जाहिर की है।

- **पूर्व पार्षद भाजपा नेता राव ने पुनर्निर्माण की मांग की**

उन्होंने कहा कि शहर के विस्तार के साथ ही रेलवे कॉलोनी के दोनों और बसाहट बढ़ी है । इस क्षेत्र में बुधवारी बाजार, रेलवे स्टेशन और कई स्कूल एवं मंदिर स्थापित है। इस कारण से शहर के लोगों की भी आवाजाही यहां से होती है। इन सड़कों का इस्तेमाल केवल रेलवे क्षेत्र के लोग ही नहीं करते बल्कि कमोबेश पूरे शहर की आवाजाही यहां से होती है, लेकिन यहां की सड़कों को लेकर रेलवे के अधिकारी गंभीर नहीं है।



### दशहरा से पहले सड़कों की पुनर्निर्माण की मांग

वी रामा राव ने बताया कि रेलवे क्षेत्र में कई स्थानों पर बड़े आयोजन होंगे साथ ही नॉर्थ ईस्ट इंस्टिट्यूट रेलवे मैदान में रावण दहन किया जाएगा। श्री राव ने दशहरा से पहले ही इन सड़कों की मरम्मत और पुनर्निर्माण की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर वे रेलवे के बड़े अधिकारियों से भी जल्द ही मुलाकात कर चर्चा करेंगे । श्री राव ने गहरी आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि अगर समय रहते रेलवे की सड़कों को नहीं सुधारा गया तो बड़े आंदोलन की भी रूपरेखा बनाई जा सकती है।

### मुख्य सड़कों पर भी गड्ढे

रेलवे क्षेत्र की अधिकांश सड़के जर्जर हो चुकी है। मुख्य सड़कों पर भी बड़े-बड़े गड्ढे देखे जा सकते हैं। व्यापार विहार से बिलासपुर रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली सड़क पर भी गड्ढे मौजूद हैं। सेंट्रल स्कूल क्षेत्र की सड़क भी जर्जर हो चुकी है । यही हाल लगभग सभी सड़कों का है । बुधवारी बाजार क्षेत्र में आरपीएफ कॉलोनी से आंध्र स्कूल जाने वाली सड़क तो कब की खत्म हो चुकी है ।



# क्रिकेट संघ बिलासपुर की अंडर 14 की सम्भावित टीम घोषित

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा 14 सितंबर को आधारशिला विद्या मंदिर स्कूल में अंडर 14 टीम का ट्रायल लिया गया। जिसके चयनकर्ता देवेंद्र सिंह, सुशांत शुक्ला, अभिनव शर्मा और अतुल शर्मा थे और आब्जर्वर के रूप में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से तरुण सिंह परिहार आए थे। चयनित खिलाड़ियों के लिए 24 सितंबर को दोपहर 3:30 बजे कोनी के आधारशिला विद्या मंदिर में कैंप लगाया जाएगा।

क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने बताया किअंडर 14 के ट्रायल के दौरान कुल 169 खिलाड़ी ट्रॉयल देने पहुंचे थे। जिसमें बिलासपुर के अलावा पेंड्रा, मरवाही, तखतपुर, मुंगेली, जांजगीर, कोटा, मस्तूरी, बिल्हा ,सीपत और मल्हार से खिलाड़ी ट्रॉयल देने पहुंचे थे। अंडर 14 के छोटे छोटे खिलाड़ियों ने शानदार क्रिकेट का प्रदर्शन किया और अपना ट्रायल बखूबी दिया। इन सभी खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन के पश्चात चयनकर्ता ने अंडर 14 कैंप के लिए सम्भावित खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जो इस प्रकार है:- शिवांश यादव, आरोन टिमोथी, अभिनव अवस्थी(मल्हार), विहान सिंह(पेंड्रा), शाश्वत नायर, आर्यन शर्मा, अनय सिंह ठाकुर, शौर्य लहरें, त्रिशानु, अर्पित शर्मा (तखतपुर), तनिष्क घोरे, अंगद सिंह बाली, अभिनव यादव, देबांगशु सरकार, अक्षत तिड़के, हर्षित देवांगन, सानिध्य गिदवानी, सिद्धांत शुक्ला, नारायण चंद्राकर, तनिष्क गुरबाणी, प्रिंस पटेल, रोशन भीमनानी, अवनीश शुक्ला, शुभ श्रीवास्तव, चिन्मय आनंद साहू, अभिजीत साहू, आयुष श्रीवास, चंद्रमौली मिश्रा, अर्थ अग्रवाल, अनिरुद्ध मिश्रा,अर्जुन अग्रवाल, मोहम्मद रिहान खान, खिलेश सोनी, स्वर्णिम साईनाथ केशरी आदि शामिल हैं।

# रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में प्राप्ति ने जीता स्वर्ण पदक, महापौर ने किया सम्मान



**बिलासपुर।** जिला रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में प्राप्ति गुप्ता ने अंडर-6 में प्रथम स्थान प्राप्त कर 2 स्वर्ण पदक जीता है। इसका श्रेय कोच तन्मय नेयर को जाता है। प्राप्ति रामा लाईफ निवासी डॉ प्रशांत गुप्ता व प्रेरणा गुप्ता की बेटी व द रिपब्लिक ऑफ किड्स की केजी 2 की छात्रा है। इस उपलब्धि पर महापौर पूजा विधानी ने उन्हें सम्मानित किया है।



हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 24 सितंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



## विराजी मां दुर्गा


बजरंग नवशक्ति दुर्गा उत्सव समिति लोधीपारा।


आदर्श दुर्गा उत्सव रिवरव्यू।


राधा कृष्ण मंदिर दुर्गा उत्सव समिति लोधीपारा।


बोलबम दुर्गा उत्सव समिति।


रामा लाइफ सिटी में विराजी मां दुर्गा।


दुर्गा उत्सव समिति लोखंडी।


अटल आवास कोनी में विराजी आदिशक्ति।

# कलाकारों ने किया राम जन्म लीला का जीवंत मंचन

**रेलवे परिक्षेत्र में चल रही राम लीला, हिन्दुस्तानी सेवा समाज का आयोजन**

हिन्दुस्तानी सेवा समाज रेलवे के तत्वावधान में रामलीला भवन रेलवे परिक्षेत्र में जयश्री बालाजी फोरम मंच रनियां कानपुर उ.प्र. द्वारा मण्डलाधीश राजकुमार शर्मा के नेतृत्व में श्री रामलीला मंचन किया जा रहा है। मंगलवार को राम जन्म लीला का जीवंत मंचन कर खूब तालियां बटोरी।





**बिलासपुर।** रामलीला समिति के अध्यक्ष एम.के. झा ने बताया कि रामलीला का मंचन विगत 22 सितंबर से किया जा रहा है। इसका समापन 2 अक्टूबर को होगा। इस वर्ष अपनी 75 वर्षों की अनवरत सेवा को अमृत उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है।

श्री रामलीला के प्रमुख प्रसंग नारद मोह, श्रीराम जन्म, मुनी याचना, ताड़का वध, मारीच-सुबाहु वध धनुष यज्ञ लीला, लक्ष्मण-परशुराम संवाद, दशरथ-कैकेयी संवाद, श्रीराम वनगमन, श्रीराम-केंवट संवाद, भरत मिलाप, पंचवटी, सूर्पनखा अंगभंग, सीता हरण, सुग्रीव मित्रता, लंका दहन, लक्ष्मण शक्ति, मेघनाथ, कुंभकरण व रावण वध है। इन्हीं प्रसंगों का टीम के कलाकारों द्वारा अलग-अलग दिन अलग-अलग प्रसंगों का जीवंत मंचन रात्रि 7 से साढ़े 10 बजे तक किया जा रहा है। जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। लीला के पहले दिन सोमवार को नारद प्रसंग का कलाकारों ने मंचन किया था।

### समर्पित है जनहित कार्यो के लिए

समाज के अध्यक्ष ने बताया कि उनकी टीम द्वारा भारतीय संस्कृति को जीवित रखने रामलीला का आयोजन कराने के साथ ही रेलवे क्षेत्र में विभिन्न कल्याणकारी कार्य किए जाते हैं। इसमें स्वास्थ्य जागरुकता, निःशुल्क एक्यूप्रेशर व योग शिविरों का संचालन, रावण दहन, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में सुंदरकांड का पाठ, राम व कृष्ण जन्मोत्सव, 15 अगस्त, 26 जनवरी आदि राष्ट्रीय पर्वो का आयोजन, सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता, अखंडता और धर्म निरपेक्षता बनाए रखने के लिए समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आदि शामिल है। इन सभी कार्यो में समस्त रेलवे कर्मचारी व उनके परिवार, बुधवारी बाजार, गोल बाजार, व्यापार विहार, श्रीराम क्लॉथ मार्केट, शनिचरी मार्केट, फल-सब्जी विक्रेता संघ सहित अन्य लोगों का सहयोग रहता है।

### दशहरा उत्सव 2 को

रामलीला के समापन बाद 2 अक्टूबर गुरुवार को शाम 6 बजे नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट मैदान में दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान श्रीराम राज्याभिषेक भी कराया जाएगा।

### इनका मिल रहा सहयोग

राम लीला कार्यक्रम को सफल बनाने हिन्दुस्तानी सेवा समाज के अध्यक्ष एच.एस. भदौरिया, कार्यकारी अध्यक्ष एस.के. मालेवार, उपाध्यक्ष यू.एस. पाण्डेय, सचिव आर.के. मिश्रा, संयुक्त सचिव सी. नवीन कुमार, सहसचिव कमलेश सिंह, पी.के. नगाईच, संगठन सचिव पी.के. अवस्थी, एस.एन. सिंह, हकदार व्ही.के. तिवारी, सह-कोषाध्यक्ष, कैलाशचन्द्र, सदस्य एम.के. झा, के.एन. पाण्डेय, राजवीर सिंह, आर.एन. पस्तोर, हर्षवर्धन प्रसाद, स्वरूप हलधर, वी.के. सिंह, बी.के. चतुर्वेदी, रामाशीष द्विवेदी, संतोष पाण्डेय, अभिराम, संजय श्रीवास्तव का सहयोग मिल रहा है।

# देवी की ब्रम्हचारिणी में रूप में हुई पूजा

श्री पीतांबरा पीठ सुभाष चौक सरकंडा स्थित त्रिदेव मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में नवरात्रि के दूसरे दिन मंगलवार को देवी की ब्रम्हचारिणी रूप में पूजा की गई। दर्शन, पूजन करने श्रद्धालु भक्तों का दिन भर तांता लगा रहा।

बिलासपुर। पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य दिनेश जी महाराज ने बताया कि श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन और श्रृंगार ब्रह्मचारिणी देवी के रूप में किया गया है। साथ ही प्रतिदिन प्रातःकालीन श्री शारदेश्वर पारदेश्वर



महादेव का रुद्राभिषेक, पूजन और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का पूजन, श्रृंगार एवं श्री सिद्धि विनायक भगवान का पूजन, श्रृंगार, श्री महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती राजराजेश्वरी, त्रिपुरसुंदरी देवी का श्रीसूक्त षोडश मंत्र द्वारा दूधधारियापूर्वक अभिषेक किया जा रहा है। नवरात्रि के तीसरे दिन मां श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का पूजन एवं श्रृंगार चंद्रघंटा देवी के रूप में किया जाएगा। मां चंद्रघंटा, शक्ति और सौम्यता का अद्भुत संगम हैं। उनका यह स्वरूप भक्तों को भय से मुक्ति दिलाता है और उन्हें शांति व साहस प्रदान करता है। मां चंद्रघंटा, मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप हैं। उनका यह नाम उनके मस्तक पर सुशोभित अर्धचंद्र के कारण पड़ा है। यह अर्ध चंद्र एक घंटे के आकार का दिखाई देता है, इसीलिए उन्हें 'चंद्रघंटा' कहा जाता है।

### शीतला माता मंदिर में दुर्गा सप्तशती का पाठ



वर्षों पुरानी सिद्ध शक्तिपीठ शीतला माता मंदिर में दुर्गा सप्तशती पाठ विधि विधान से चल रहा है। मंदिर के पुजारी गोपाल कृष्ण रामानुज दास ने बताया कि शीतला माता का यह मंदिर 102 वर्ष प्राचीन है। मान्यता है कि यहां लोग अखंड ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करने लोग दूर-दूर से आते हैं। माता का प्रतिदिन भव्य श्रृंगार कर महाप्रसाद का भोग अर्पित किया जा रहा है।



## मंदिरों, दुर्गा पंडालों में दर्शन, पूजन करने भक्तों का लगा तांता


मुंगेली रोड स्थित रामा लाइफ सिटी में दुर्गोत्सव में शामिल महिलाएं।



### महिलाओं ने बंगाली थीम में किया गरबा

श्री चंद्रपुरिहा कसौंधन वैश्य समाज गुप्ता महिला मंडल ने आदिशक्ति मां महामाया की आराधना हेतु तीन दिवसीय रास गरबा महोत्सव का आयोजन किया। इसमें समाज की महिलाओं ने बंगाली थीम में गरबा किया। कार्यक्रम के आरंभ में सभी ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्य अतिथि प्रमिला गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलन किया। नवकन्या पूजा कर बालक-बालिका, नवयुवती और महिला वर्ग ने शानदार प्रस्तुति दी। महिलाओं ने बंगाली थीम में गरबा किया। इसमें प्रथम पुरस्कार दीपा गुप्ता, द्वितीय प्रेरणा गुप्ता, तृतीय दीप्ति गुप्ता, नवयुवतियों में प्रथम जिया गुप्ता, द्वितीय श्रद्धा गुप्ता, तृतीय स्वया गुप्ता, बालक वर्ग में प्रथम अर्पित गुप्ता, द्वितीय अनिमेष गुप्ता, तृतीय आदी गुप्ता, बलिका वर्ग में प्रथम अनिका गुप्ता, द्वितीय विधि गुप्ता और तृतीय पुरस्कार अन्वेषा गुप्ता को मिला। कार्यक्रम में संस्था की सभी पूर्वाध्यक्षों का भी विशेष सहयोग रहा।

### बालिकाओं को कराया कन्या भोजन



शांता फाउंडेशन परिवार ने नवरात्रि के दूसरे दिन आदिवासी बालिका कन्या छात्रावास देवरीखुर्द में 230 कन्याओं को कन्या भोज कराया। सर्वप्रथम सभी कन्याओं को आलता लगाकर उनकी आरती उतारी गई। फिर प्रसाद स्वरूप भोजन परोसा गया। गिफ्ट भी बांटे गए। संस्था के संस्थापक नीरज गेमनानी का कहना है कि नवरात्रि में कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है। कन्या भोजन कराने से देवी मां प्रसन्न होकर आशीर्वाद देती हैं।

**कार्नर न्यूज**

**भाटिया फ्यूल्स का आयोजन** | **नेहा धूपिया के साथ रास डांडिया में थिरकेंगे शहरवासी**

# फाउंडेशन के मैदान में रास डांडिया की धूम कल से

हर साल की तरह इस बार भी नवरात्रि पर भाटिया फ्यूल्स द्वारा फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में 1 लाख वर्गफीट में रास डंडिया का आयोजन किया जा रहा है। 25 से 27 सितंबर तक चलने वाले रास डांडिया में मुकुंद रेडियो रायपुर का साउंड सिस्टम तथा पूरे स्टेज में आकर्षक सजावट रिवल्यूशन इवेंट टीम भिलाई के द्वारा की गई है। 300 लाईइट के साथ आकर्षक सज्जा होगी। देश की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री बालीवुड कलाकार नेहा धूपिया बिलासपुरवासियों के साथ रास डांडिया खेलेंगी और भी कलाकार इस आयोजन में शिरकत करेंगे। रायपुर के प्रसिद्ध बैंड की धुन पर शहरवासी रास डांडिया खेलेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने बताया की आयोजन समिति ने निर्णय लिया है कि पंजाब में आई बाढ़ की विपदा में हमारा शहर पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ा है। इसी कड़ी में पहली बार रास डांडिया के द्वारा जो पास जारी किये जा रहे हैं, उनमें से प्रति पास 100 रूपयए की राशि पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ भेजी जायेगी। यह सहायता राशि जिला प्रशासन तथा राज्य सरकार के माध्यम से पंजाब सरकार को भेजी जायेगी। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में डांडिया की शानदार और सुरक्षित व्यवस्था की गई है। 2000 वर्गफीट की भारी भरकम एलईडी स्क्रीन से रास डांडिया कार्यक्रम का प्रसारण भी देखा जा सकेगा। 1 लाख वर्गफीट में पार्किंग की व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा की गई है इसके अलावा ग्रुप के लिये अलग से विशेष व्यवस्था की गई है। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में छोटे बच्चों के लिए मनोरंजन की व्यवस्था की जा रही है। खाने-पीने के स्टाल की व्यवस्था भी की गई है। देश के प्रसिद्ध सिंगर अपनी प्रस्तुति देंगे। शहर में 2016 से फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी मैदान में नवरात्रि पर्व पर रास डांडिया का आयोजन किया जा रहा है। इस बार भी शहरवासी की भागीदारी होगी। आयोजन समिति ने 25 से 27 सितंबर तक आयोजित रास डांडिया में शामिल होने शहरवासियों से अपील की है।



■ पंजाब बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ आयोजन समिति भेजेगी राशि






जीवेत शरदः शतम्
आभार ...
मेरे जन्मदिन पर आप सभी के द्वारा प्रेषित शुभकामनाओं, स्नेहपूर्ण संदेशों एवं आत्मीय आशीर्वचनों के लिए मैं हृदय से आभार प्रकट करता हूँ।
पुन: आप सभी का कोटिश: धन्यवाद एवं आभार।
आपका अपना -
अमर अग्रवाल
विधायक बिलासपुर
मनीष अग्रवाल
संजय यादव
पंकज तिवारी
दुर्गेश पाण्डेय
राजकमल साहू
शानूल खान
गौरी गुप्ता
राहुल सराफ
मनीष पाठक
अंचल दुबे
रूपेश दुबे
रोहित मिश्रा
मोहित मिश्रा
शुभम मिश्रा
विकेश यादव
आशीष तिवारी


BHATIA FUELS
इंडियनऑयल
PRESENTS
25 SEPTEMBER 2025
26 SEPTEMBER 2025
27 SEPTEMBER 2025
07 PM ONWARDS
RAAS DANDIYA
GARBA - FOOD - ENTERTAINMENT
PRINCE BHATIA
CHAIRMAN
FOUNDATION CRICKET ACADEMY
• MULTI-PARKING AREA
• KIDS PLAY AREA
• EXCITING PRIZES
ORGANISED BY : WINGS OF PB GROUP
NEHA DHUPIA
MISS INDIA & BOLLYWOOD ACTRESS
GLIMPSES OF RAAS DANDIYA
2018 MUNMUN DATTA
2019 SHILPA SHINDE
2019 CLOUDIA CIESLA
2022 SHEFALI JARIWALA
2022 SAPNA CHOUDHARY
2022 SHWETA TIWARI
2023 KAINAT ARORA
2023 SHUBHANGI ATRE
2023 CHITRANGADA SINGH
2024 MANNARA CHOPRA
2024 BHAGYASHREE
पारिवारिक माहौल
PHOTOGRAPHY PARTNER
Nikhil Rajput PHOTOGRAPHY & FILMS
POWERED BY
श्री Ram JEWELLERS
CO-POWERED BY
ACE BUILDERS & DEVELOPERS
Find Your Happy Place
ACE BUILDERS & DEVELOPERS
Jaiswal Complex, Ashok Nagar Chowk, Bilaspur (C.G.)
SPONSORED BY
YASH CONSTRUCTION
We Construct Your Dream Home
A.S. FUN
SECT.C, SIRGITTI BILASPUR, (C.G.)
SUPPORTED BY
The Foundation Bilaspur (C.G)
FOUNDATION CRICKET ACADEMY
A COMPLETE CRICKETING SCHOOL
CO-SPONSORED BY
SHRI RAM KRISHNA PLAZA
MEDICO SURGICALS
PROUDLY SERVING YOU SINCE 1988
SUPPORTING TEAM
VOODOO
FITNESS PARTNER
BEING STRONG FITNESS & CLUB
FOOD PARTNER
CASA BLANC
SPICE ROOM & SPIRIT HOUSE
HOSPITALITY PARTNER
Saraiya
ACHANAKMAAR FOREST RESORT
SHRI SHYAM KRIPA
BEVERAGE PARTNER
O2 DROPS
POWER PULSE
PURE SOY. PURE YUM
HAMZA CAR ACCESSORIES
VENUE : FOUNDATION CRICKET ACADEMY, RING ROAD NO-2, GAURAV PATH, MAHARANA PRATAP CHOWK, BILASPUR (C.G)
CALL FOR QUERIES : +91 9893165000, +91 9638765000

## खबर संक्षेप

### 8वीं के छात्र ने बनाया साफ्टवेयर



**सेतगंगा/मुंगेली।** दाबो पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय के 8वीं के छात्र ने छोटी सी उम्र में एक सॉफ्टवेयर बनाया है। छात्र वंशराज टोन्डर पिता अखिल टोन्डर और माता प्रेमलता टोन्डर है। विद्यालय प्राचार्य देवेन्द्र कुमार साहू जिन्होंने वंशराज टोन्डर को उत्साह वर्धन किया। प्राचार्य साहू ने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को अपनी एक नई उड़ान भरने के लिए नई तकनीक सीखना चाहिए। साथ ही सभी के माता पिता अच्छे पढ़ाई करने के साथ ही कुछ नया अविष्कार करें। जिससे आपका नाम और विद्यालय के नाम रौशन हो सके। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य श्री साहू के साथ विद्यालय के सभी स्टाफ सहित आगे पढ़ाई और साफ्टवेयर बनाने में किसी भी प्रकार की परेशानी न आएं। इसलिए लेपटॉप और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिनमें मितेशवरी, साकार, रंजना यादव एवं मनीषा आचार्य, अनुरुद्ध पाटेल, अर्पना नामदेव धुर्वे ईटी जो कि टीजीटी विज्ञान पीजीवाई भौतिक एवं पीजीटी रसायन ने बहुत बड़ा योगदान रहा।

### प्राथमिक शाला गोंडपारा में स्वच्छता ही सेवा सप्ताह के तहत पौधरोपण



**जरहागांव।** शासकीय प्राथमिक शाला गोंडपारा, संकुल फरहदा में शाला प्रबंध समिति के सदस्यो की उपस्थिति मे शाला परिसर मे वृहद पौधरोपण किया गया। प्रधानपाठक घनश्याम लहरे के नेतृत्व एवं संकुल समन्वयक शत्रुघ्न साहू, बीईओ जितेन्द्र बावरे, विकासखंड समन्वयक श्री उपाध्याय के मार्गदर्शन से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। विदित हो कि शाला मे सप्ताह मे प्रति दिन अलग अलग कार्यक्रम जैसे स्वच्छता शपथ, निबंध लेखन, चित्रकला, आदि किया गया। एचएम घनश्यान लहरे ने कहा कि पौधा एक शिशु की भांति होता है जिसक जतन बड़ी मेहनत से करना होता है। अभी के परिवेश में यदि लोग अपने व्यस्त समय से कुछ पल पौधों के जतन में लगाएं तो यकीनन भविष्य सुनहरा और वातावरण शुद्ध हो जाएगा। इस अवसर पर शिक्षिका रोशनी कश्यप, समिति के सदस्य संतोषी साहू, राधिका जांगड़े, प्रेमा जांगड़े, दूज राम ध्रुव आदि उपस्थित रहे।

### अवैध रूप से संग्रहित 2825 नग बांस जब्त, वन विभाग की कार्रवाई



**लोरमी।** वन परिक्षेत्र के वनाचंल के सुदूर ग्राम टिंगीपुर स्थित एक मकान में वन विभाग ने दबिश देकर दो मीटर साइज के 65 बंडल 2825 नग बांस जब्त कर लिया। मामले में वन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कार्रवाई की गई। वनपरिक्षेत्र अधिकारी क्रिस्टोफर कुजूर ने बताया कि, मुखबिर की सूचना पर वन विभाग की टीम ने लोरमी वन परिक्षेत्र के टिंगीपुर में जगदेव बांध के किनारे स्थित सुमिरन सिंह मरावी पिता विश्राम सिंह मरावी के घर पर दबिश देकर अवैध रूप से संग्रहित दो मीटर साइज के 65 बंडल 2825 नग बांस को जब्त कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत प्रकरण दर्ज कार्रवाई की गई। जब्त बांस का बाजार मूल्य लगभग 30 हजार बताया जा रहा है।

### 138 नग अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार



**लोरमी।** जूनापारा चौकी क्षेत्र के ग्राम डोमनपुर में बाइक से शराब का अवैध परिवाहन करते दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। चौकी प्रभारी संजीव ने बताया कि, मुखबिर की सूचना पर ग्राम डोमनपुर गेट के पास घेराबंदी कर उस्लापुर बिलासपुर निवासी शरद घुरी एवं प्रकाश यादव को सफेद रंग की स्कूटी से अवैध शराब का परिवहन करते पाया गया। आरोपियों के कब्जे से 90 नग देशी शराब कीमती 7 हजार 200 रूपए एवं 48 नग अंग्रेजी शराब कीमती 5 हजार 760 रुपए सहित परिवहन में प्रयुक्त एक सफेद रंग की होंडा डेस्टिनी स्कूटी सीजी 10 बीवाय 2982 कीमती 40 हजार रुपए को जब्त कर लिया। इस तरह आरोपियों के कब्जे से कुल 52 हजार 920 रूपए का माल जब्त कर दोनों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2), 59 (क) के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों को जेल भेजा गया।

## विभिन्न विकास कार्यों के लिए 45 लाख स्वीकृत

# डिप्टी सीएम ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



महतारी सदन का लोकार्पण करते डिप्टी सीएम अरूण साव।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी**

क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव नवरात्रि पर मां दुर्गा के दर्शन-पूजन कर ग्राम महरपुर, बिठलदह एवं नवगांव में आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम में सम्मिलित हुए एवं ग्रामीणों से सीधे संवाद किया।

ग्राम महरपुर के जनसंवाद के दौरान ग्रामीण अपनी विभिन्न समस्याओं और अपेक्षाओं के साथ उपस्थित हुए। कई समस्याओं का मौके पर ही त्वरित समाधान किया गया एवं शेष आवेदनों के शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। अरुण साव ने ग्रामीणों को यह भरोसा दिलाया है कि, सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ हर एक समस्या का समाधान सुनिश्चित करेगी। आपकी समस्याएं मेरी समस्याएं हैं, और उनका समाधान मेरी प्राथमिकता है। इस मौके पर महरपुर गांव में 30 लाख 40 हजार के विकास कार्य को स्वीकृति मिली है। गांव में सीसी रोड निर्माण जारी है। दो अन्य सीसी रोड के लिए 10 लाख 40 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है। नदी में चेक डेम निर्माण के लिए 20 लाख एवं गांव में मानस मंच शेड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की गई। ग्राम बिठलदह में समुदायिक भवन 10 लाख, महामाया मंदिर में शेड निर्माण के लिए 5 लाख देने की की घोषणा की गई। इसी तरह ग्राम नवगांव वेंकट में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार की घोषणा की गई।

### महतारी सदन का शुभारंभ

ग्राम पंचायत नवागांव वेंकट एवं लगरा में नवनिर्मित महतारी सदन का लोकार्पण कर माताओं-बहनों को समर्पित किया गया। वेंकट नवगांव एवं लगरा में 11 बजे अरुण साव की उपस्थिति में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महतारी सदन भवन का वर्चुअललोकार्पण किया। महतारी सदन में किचन, स्टोर रूम, दुकान, मीटिंग हॉल एवं शौचालय बना है। सदन में बिहान की बहनें एकत्रित होकर अपनी योजनाओं पर चर्चा कर नीतियां बनाएंगी। साथ ही खुद का व्यवसाय कर आगे बढ़ेंगी और सशक्त होगी। इस अवसर पर गांव की महिला स्वयं सहायता समूह की दीदियों से सार्थक संवाद किया। समूह की दीदियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गांव में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार की घोषणा की। ग्राम लगरा में जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम, जिला पंचायत सभापति बतौर अतिथि सामिल हुए। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, जिला पंचायत सभापति रत्ना काठले, समुंद सिंदराम, अनिता साहू,विनय साहू, नगरपालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, ,जनपद उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, गुरमीत सलूजा, धनीराम यादव, विनय साहू, रामेश्वर बंजारे, मंडल अध्यक्ष दिनेश कश्यप, राजेंद्र साहू, लेखराज सिंह ठाकुर, सुशील यादव, रवि शर्मा, उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, विश्वास दुबे, प्रदीप मिश्रा, लेखराज ठाकुर, दिनेश साहू, महाजन जायसवाल, निरंजन अग्रवाल, वीरेंद्र गुप्ता, रवि शुक्ला, सोहन डड़सेना, घंशु राजपूत, नरोत्तम राजपूत, नरेंद्र खत्री, तामेश्वर साहू, घनश्याम यादव, कलेक्टर कुंदन कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते डिप्टी सीएम।

## महिलाओं के सम्मान में चलाया जा रहा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान

**मुंगेली।** महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 2 अक्टूबर तक देशव्यापी "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" का संचालन किया जा रहा है। इस अभियान का समापन गांधी जयंती 2 अक्टूबर को होगा। इसी कड़ी में कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय स्थित आदर्श कृषि उपज मंडी परिसर में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रायपुर और बिलासपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 7 हजार से अधिक महिलाओं का पंजीयन किया गया तथा स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श दिया गया। शिविर में केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरूण साव और मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले शामिल हुए। उन्होंने शिविर का अवलोकन किया और अलग-अलग स्टालों में पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं मरीज से चर्चा की तथा शिविर में प्रदान किया जा रहे स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। कार्यक्रम में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 2 अक्टूबर तक विभागों द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। डीपीएम गिरीश कुर्रे ने बताया कि शिविर में विभिन्न बीमारियों के संबंध में प्रारंभिक स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार के सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, गणमान्य नागरिक दीनानाथ केशरवानी, जनपद पंचायत लोरमी अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, जनपद पंचायत मुंगेली अध्यक्ष रामकमल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा सहित सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## स्वच्छ और सुंदर पेंड्रा ही हमारी पहचान हैः जालान

### स्वच्छता अभियान के तहत की गई सार्वजनिक स्थलों की सफाई



**पेंड्रा।** नगर पालिका परिषद पेंड्रा की ओर से विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान, उपाध्यक्ष शरद गुप्ता, पार्षद अरुणा जायसवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमलदीप मिंज सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल हुए।

इस दौरान नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों तथा पेंड्रा के ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मुख्य तालाब दुर्गा सरोवर की सफाई की गई। सफाई कर्मचारियों ने तालाब किनारे जमी गंदगी को हटाया, नालियों की सफाई की तथा आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ एवं व्यवस्थित किया। नपा अध्यक्ष राकेश जालान ने कहा कि, स्वच्छ और सुंदर पेंड्रा ही हमारी पहचान है। तालाबों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई से न केवल पर्यावरण शुद्ध होगा बल्कि नगर की छवि भी निखरेगी। उपाध्यक्ष शरद गुप्ता ने कहा कि यह अभियान तभी सफल होगा जब नागरिक भी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए गंदगी फैलाने से बचें, और नगर पालिका का सहयोग करें। पार्षद अरुणा जायसवाल ने महिलाओं और युवाओं से स्वच्छता अभियान में आगे आकर योगदान देने की अपील की। वहीं, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमलदीप मिंज ने बताया कि, नगर पालिका परिषद द्वारा तालाबों की नियमित सफाई एवं संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर उपस्थित नगर पालिका के कर्मचारियों ने निष्ठा से सफाई कार्य में योगदान दिया और नगरवासियों को स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया।

## पड़रिया में धान खरीदी केंद्र के लिए स्थल निरीक्षण

**तखतपुर।** शासन चाहता है कि कृषकों से उनकी मेहनत की धान का दाना-दाना उनके पास पहुंचकर खरीदे, इसके लिए ग्राम पड़रिया में इस सत्र से धान खरीदी केंद्र की शुरूआत की जा रही है। उक्त बातें सहकारिता विस्तार अधिकारी कैलाश कश्यप ने कही। ग्राम पड़रिया में नए धान खरीदी केंद्र के लिए स्थल निरीक्षण करने सहकारिता विस्तार अधिकारी कैलाश कश्यप पहुंचे। इस दौरान उनके साथ सेवा सहकारी समिति प्रबंधक अरुण सिंह तोमर, प्रियांशु वर्मा पटवारी, सरपंच दुर्गेश मरावी, ओम प्रकाश निर्मलकर, सोनू यादव, विजय पाली, अमलेश पाली, टेकराम साहू, योगेश्वर पाली, पन्ना साहू, महेंद्र मरावी, कमलेश रजक, कोटवार भारत चौहान सहित किसान उपस्थित रहे।



धान खरीदी केंद्र के लिए स्थल निरीक्षण करते अधिकारी।

## समाज में धर्मांतरण पर विशेष ध्यान देने की जरूरतः नीरेंद्र



प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते सामाजिकजन।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली**

प्रदेश साहू संघ के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू के प्रथम नगर आगमन पर जिला साहू संघ ने उनका स्वागत किया। श्री साहू के आगमन पर युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष निरंजन साहू के नेतृत्व में बाइक रैली निकाली गई एवं जगह-जगह उनके स्वागत के लिए मंच बनाए गए। साहू संघ अध्यक्ष पुहुप साहू ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया।

■ साहू संघ के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

नवनिर्वाचित प्रदेश संगठन सचिव प्रदीप साहू ने कहा कि हमारे समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश में बाहुल्य समाज है, और हमारे समाज में धर्मांतरण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, यह हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम की समापन की घोषणा जिला साहू संघ संरक्षक बलदाऊ साहू एवं मंच संचालन मुकेश कुमार साहू मोदी ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश संयोजिका महिला प्रकोष्ठ शीलू साहू, संरक्षक बलदाऊ प्रसाद साहू, जिलाध्यक्ष पुहुप साहू, महामंत्री हीरालाल साहू, झालेश्वर साहू, विजय साहू, जिलाध्यक्ष युवा निरंजन साहू, इंद्रा साहू, जानकी साहू, संगीता साहू, रामखेलावन साहू, तुलसी साहू, बोधी साहू, लोकराम साहू, राकेश साहू, राजकुमार साहू, डॉ रामकुमार साहू, डॉ लेखूराम साहू, उमेश साहू, राजेश साहू, मनोज साहू, दुकाल साहू, रामकुमार साहू, भवानी शंकर साहू, शशिकांत साहू, , सरजू साहू, ढेलाऊ राम, ग्रामीण इकाई संदीप साहू, परिक्षेत्रीय इकाई, तहसील, जिला साहू संघ सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला प्रचार सचिव देवराज साहू ने दी।

## सिकल सेल उन्मूलन शिविर में 166 लोगों की जांच

**मुंगेली।** ग्राम पचोटिया में सिकल सेल उन्मूलन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम की ओर से निशुल्क सिकल सेल जांच, परामर्श एवं उपचार संबंधी जानकारी प्रदान की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा ने बताया कि, इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल में सिकल सेल रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समय पर जांच एवं उपचार उपलब्ध कराना है। शिविर में कुल 166 लोगों की जांच की गई, जिनमें दो सिकल सेल पॉजिटिव एवं सात मोतियाबिंद के मरीज मिले। सभी मरीजों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। एक बच्चा डाउन सिंड्रोम का पाया गया, जिसे स्पीच थेरेपी के लिए रेफर किया गया। डॉ मनीष बंजारा ने बताया कि, सिकल सेल रोग एक आनुवांशिक रक्त विकार है, जिसमें लाल रक्त कोशिकाएं सामान्य आकार के बजाय हंसिया के आकार की बन जाती हैं, जिससे शरीर में ऑक्सीजन की आपूर्ति प्रभावित होती है। इसके लक्षणों में हड्डियों एवं जोड़ों में दर्द, थकान, आंखों का पीला पड़ना, हाथ-पैरों में सूजन, बार-बार संक्रमण एवं बच्चों में शारीरिक विकास में कमी शामिल हैं। गर्भावस्था से पूर्व जेनेटिक काउंसलिंग, नियमित स्वास्थ्य जांच, पानी का पर्याप्त सेवन, संतुलित आहार एवं मध्यम व्यायाम तथा साफ-सफाई आदि सावधानी एवं जीवनशैली में बदलाव से इस रोग के लक्षणों को नियंत्रित किया जा सकता है।

## 200 छात्र-छात्राओं को वितरित किया गया हाउस ड्रेस



**पथरिया।** विकासखंड के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला बेलखुरी में शनिवार को जनप्रतिनिधियो एवं समुदाय की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर स्कूल के 200 छात्र-छात्राओं को हाउस ड्रेस वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिला देवेन्द्र सिंह राजपूत जिपं सदस्य, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य रिंकू सिंह ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ प्रतिभा मंडलोई विखं शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक राजपूत उपसरपंच एवं स्वागत उद्बोधन शाला प्रबंधक विकास समिति के सदस्य सुरेश कुमार राजपूत ने दिया। मुख्य अतिथि अनिला देवेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा कि शिक्षा ही है, जो जिंदगी को संवारते हुए नेक इंसान बनाती है। आभार व्यक्त बेलखुरी शाला के प्रधान पाठक खेमसिंह राजपूत ने किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय राजपूत, मनोज कुमार ठाकुर, दिनेश साहू, संजय सिंह राजपूत, होल सिंह नेगी, चोवा सिंह राजपूत, देवचरण माण्डले, मुरली वर्मा, नरेश कुमार मरावी, अजय राजपूत, महेंद्र चतुर्वेदी, कोमल प्रसाद राजपूत, गणेश नायक, बसंत राजपूत, मोहरदास माण्डले, परदेशी साहू, उमेंद पवार, डूकेश साहू, दौलत सिंह राजपूत, अक्षय माण्डले, भास्कर राजपूत, अजय राजपूत, देवेंद्र सिंह राजपूत, खिलेश्वर, जय भारत पब्लिक स्कूल के संचालक दिलीप सोनवानी, स्वास्थ्य मितानिन एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में दिव्य को मिला प्रथम स्थान



**तखतपुर।** नवजागृति उमा विद्यालय तखतपुर के कक्षा दसवीं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थी दिव्य साहू पिता नरेंद्र साहू ने मुंगेली में आयोजित राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद उनका चयन हैदराबाद में होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए हुआ है। दिव्य साहू छत्तीसगढ़ राज्य का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करेंगे। संस्था की प्राचार्या श्रीमती एसपी सैमुएल, संस्था प्रभारी समित सैमुएल व आयरिस बरखा सैमुएल ने दिव्य की उपलब्धि कर हर्ष व्यक्त किया है।

■ राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे प्रदेश का नेतृत्व

### ग्रामीण क्षेत्रों में मनमोहक पंडाल सजाकर की जा रही दुर्गा की स्थापना

# सिध्देश्वरी महामाया मंदिर में 480 कलश प्रज्जवलित

**सेतगंगा/मुंगेली।** शारदीय नवरात्र का आगाज होते ही सेतगंगा सहित आसपास के गांवों में श्रद्धा एवं भक्ति का माहौल बना हुआ है। नगर के मां सिध्देश्वरी महामाया मंदिर मे भी मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किये गये है। देवी मंदिरों सहित गली-गली में भव्य आकर्षण पंडालों में उमड़ी भीड और गूंजतें जयकारों ने पूरा माहौल श्रध्दा और आस्था के रंग में रंग दिया है।

सिध्देश्वरी महामाया मंदिर में अभिजीत मुहूर्त में महामाया मंदिर के पुजारी पं. हरीश उपाध्याय ने विधिविधान के साथ पूजा अर्चना सम्पन्न कराई और मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराए। महामाया मंदिर में घृत कलश 8 और 372 तेल कलश प्रज्जवलित किए गए। सुबह और शाम मंगल आरती में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुये। मां सिध्देश्वरी महामाया सेवा समिति के संयोजन पं. दीनानाथ उपाध्याय, पं. राधेश्याम दास, दादूराम गबेल, डॉ. सुरेश केशरवानी, केशव सिह परिहार, अक्षय देवांगन, डॉ. रामजी शर्मा, पं. हरीश उपाध्याय सहित समिति के सभी सदस्य एवं ग्रामीण जुटे हुए है।



### अष्टभुजी दुर्गा मंदिर में 1803 ज्योति कलश प्रज्जवलित

**धरमपुरा।** समूचे क्षेत्र में शक्ति की आराधना का नवरात्र पर्व बहुत ही श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह मनमोहक सजावट कर पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। साथ ही ज्योति कलश प्रज्जवलित कर एवं जवारा बो कर मंदिरों में शक्ति की आराधना की जा रही है। क्षेत्र के प्रसिद्ध मां अष्टभुजी दुर्गा मंदिर हथनीकला में इस शारदीय नवरात्र पर्व पर श्रद्धालुओं के द्वारा 1 हजार 803 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराए गए हैं, जिसमें घी के 175 तथा तेल के 1 हजार 628 ज्योति कलश शामिल हैं। मंदिर समिति के सचिव ओमप्रकाश सिंह ठाकुर ने बताया कि, नवरात्रि के प्रथम दिन मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। द्वितीया तिथि में मां के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा की गई।



## गौ तस्करी का फरार आरोपी गिरफ्तार

**भर्रीडांड़।** थाना प्रभारी मरवाही निरीक्षक सनीप रात्रे के नेतृत्व में मरवाही पुलिस ने अंतर्राज्यीय गौ तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने अरोपी सियाराम साहू पिता समाख साहू उम्र 33 वर्ष निवासी कटकोना थाना विजपुर जिला अनूपपुर को गिरफ्तार किया है।



मामला 30 जुलाई का है, जब मुखबिर की सूचना पर पेंड्रा क्षेत्र में बिना दस्तावेज मवेशियों को ले जाते हुए आरोपियों की घेराबंदी की गई थी। इस दौरान आरोपियों ने पुलिस को चकमा देकर भागने की कोशिश की, लेकिन तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ पर यह स्पष्ट हुआ कि, वह लंबे समय से मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ की सीमा पर मवेशियों की अवैध ढुलाई व तस्करी में संलिप्त था। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम 2004, पशु क्रूरता अधिनियम 1960 तथा अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया था। उक्त प्रकरण के फरार आरोपी सियाराम साहू की तलाश लगातार की जा रही थी, जो बार-बार लोकेशन बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था। आरोपी एक और बाद अपना ठिकाना बदल पाता, इससे पहले ही पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए 22 सितंबर को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। प्रकरण में अब तक कुल चार आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।